




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच









वर्ष- 14, अंक - 59 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 12 दिसंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास खबर...



### सीएम बघेल का एयरपोर्ट पर ढोल-नगाड़ों से स्वागत, बोले कांग्रेस की अब तीन राज्यों में सरकार

**रायपुर।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत का चेहरा रहे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर लौट आए हैं। माना हवाई अड्डे पर कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं ने उनका विजेताओं की तरह स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर नारेबाजी कर रहे कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को फूल-मालाओं से लाद दिया। अपनी कार से फुटस्टैंड पर खड़ा होकर मुख्यमंत्री देर तक कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते रहे।

हवाई अड्डे के बाहर प्रेस से बातचीत में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जबरदस्त जीत हुई है। एक बस ड्राइवर का बेटा चुनाव जीतता है-मुख्यमंत्री बना है। हमारे छत्तीसगढ़ के बहुत सारे लोग हिमाचल गये थे। इस जीत में छत्तीसगढ़ का भी योगदान रहा। यहां के साथी भी लगातार वहां गये, प्रचार-प्रसार किया।

छत्तीसगढ़ की कुछ योजनाओं को वहां 10 गारंटी में शामिल किया गया, उसका भी बड़ा प्रभाव है। मुख्यमंत्री ने कहा, हिमाचल देवभूमि है। अब देवभूमि से कांग्रेस के जीत की शुरुआत हुई है। पूरे देश भर में इसका संदेश जाएगा। अभी तक हम दो राज्य में थे। अब तीसरा राज्य हिमाचल हो गया है। अब कर्नाटक की बारी है। वहां भी कांग्रेस का परचम लहराएगा इसका हमें पूरा विश्वास है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव का सीनियर ऑब्जर्वर बनाया था। चुनावी रणनीति, प्रत्याशियों के चयन से लेकर प्रचार अभियान के संचालन तक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भूमिका रही है। हिमाचल में जीत से केंद्रीय नेतृत्व में भूपेश बघेल की भी ताकत बढ़ी है।

### छत्तीसगढ़ के नायब तहसीलदार व उसकी पत्नी की दर्दनाक मौत

# शादी समारोह से लौटते समय अचानक हो गए लापता एक दिन बाद कुएं में कार के साथ मिली चार लाशें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर में एनएच-30 से लापता हुई कार कुण्ं में गिरी मिली है। शनिवार की रात जंगलवार कॉलेज के पास से कार सवार लापता हो गए थे। जंगलवार के नजदीक ही कुएं में गाड़ी मिली है। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन के सहारे कार को बाहर निकलवाया। जैसे ही कार बाहर निकली सभी हैरान रह गए। कार सवार सभी लोगों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने सभी के शवों को पीएम के लिए भेजा और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।**



कोंडागांव से सपन कुमार सरकार अपनी पत्नी रीता सरकार, उनके भाई विश्वजीत अधिकारी और अन्य रिश्तेदार हजारी लाल ढाली के साथ कांकेर शादी समारोह में आए हुए थे। ये सभी मूल रूप से ओडिशा के रहने वाले हैं। शादी समारोह में शामिल होकर सभी अपनी कार से लौट रहे थे। शनिवार रात करीब 10 बजकर 40 मिनट पर दुधावा चौक पार करने के बाद जंगलवार कॉलेज के पास चारों के मोबाइल कॉल करने पर बंद आने लगे थे। उसके बाद चारों का कोई पता नहीं चल सका है। रविवार सुबह तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद से कांकेर, कोंडागांव, केशकाल की पुलिस कार सवारों को ढूंढने जॉइंट ऑपरेशन चला रही थी।

लापता चारों का मोबाइल रात 11 बजे से जंगलवार कॉलेज के पास टावर से बंद बता रहा था। रविवार दोपहर जब बुजुर्ग हजारी लाल ढाली की पुत्री जयंती बोस ने रीता सरकार के मोबाइल पर कॉल किया तो तीन बार घंटी बजने के बाद मोबाइल बंद हो गया। मामला सामने आने के बाद लापता लोगों की तलाश करने टीम गठित की गई है।

टीम कांकेर से कोंडागांव तक के हाईवे व अन्य रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से कार की जांच कर रही थी। लापता लोगों के मोबाइल लोकेशन भी ट्रेस किए जा रहे थे। तभी कार के कुएं में गिरने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कार को बाहर निकलवाया तो सभी के शव मिले।

#### पुलिस महकमे में हड़कंप

हाईवे से कार सहित लापता होने की खबर से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा गया था। पुलिस गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लोगों की तलाश में जुटी थी। पुलिस अलग-अलग जगहों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही थी। ताकि हाईवे से गायब कार का कहीं से तो क्लू मिल पाए। इसी बीच कुएं में कार गिरने की सूचना मिली। क्रेन और जेसीबी वाहनों के जरिए कुएं से कार को बाहर निकाला गया।

#### पंप में आखिरी ट्रांजेक्शन

सिंगारभाट स्थित पेट्रोल पंप पर कार में पेट्रोल भी डलवाया गया। पुलिस की जांच में आखिरी ट्रांजेक्शन पेट्रोल पम्प का आया है। पुलिस पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे की भी जांच शुरू की। जिस लोकेशन में चारों के मोबाइल बंद हुए हैं, वहां से कई अलग अलग रास्ते हैं। वहीं इस घटना से कांकेर से लेकर कोंडागांव तक चर्चा गर्म था। लोग यही जानने की कोशिश में लगे हैं कि कार सवारों के साथ आखिर क्या हुआ है।

#### लूट की भी आशंका

अचानक चार लोगों के लापता होने के बाद पुलिस सभी एंगल को ध्यान में रख जांच कर रही थी। हादसे के साथ ही पुलिस को लूट की भी आशंका थी। महिला ने काफी जेवर पहने थे। हालांकि अंत में सारी आशंकाएं गलत साबित हुआ।

### एमएसपी गारंटी कानून के लिए तेज होगा आंदोलन,14 दिसंबर को रायपुर आएंगे बड़े नेता

**रायपुर।** सभी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य-स्स्क की कानूनी गारंटी के लिए राज्य और केंद्र सरकार पर दबाव के लिए आंदोलन तेज होने वाला है। पिछले साल किसान आंदोलन के लिए एकजुट संगठनों ने अब एमएसपी गारंटी मोर्चा बना लिया है। इसके तहत हर राज्य में आंदोलन होने हैं। रायपुर में इसके तहत 14 दिसम्बर को पहली संगोष्ठी होनी है। इसमें किसान आंदोलन के बड़े नेता भी शामिल हो रहे हैं।

छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ के संयोजक मंडल सदस्य तेजराम विद्रोही ने बताया, संगठनों ने आपसी चर्चा के बाद अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति के पूर्व संयोजक वी. एम. सिंह की अध्यक्षता में एमएसपी गारण्टी मोर्चा का गठन हुआ है। इसके तहत देश भर में किसान संगठनों और किसानों के बीच संगोष्ठी व सम्मेलनों के माध्यम से सभी फसलों और सभी किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारण्टी मिल सके इस विषय पर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

# एमपी के पूर्व मंत्री ने कहा पीएम मोदी की हत्या के लिए तैयार रहो

■ **कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दिया बयान, बाद में पलटे**

**भोपाल ( एजेंसी )।** कांग्रेस के पूर्व मंत्री राजा पटेरिया का विवादित बयान सामने आया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ऐसी बात कह दी जिसकी किसी को उम्मीद नहीं हो सकती। दरअसल उन्होंने सार्वजनिक मंच पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हत्या की बात कही। इनका बयान सामने आने के बाद चौतरफा घिरने लगे। इसके बाद उन्होंने कहा कि उनका कहने का वह मतलब नहीं था। अब इस मामले में एमपी सरकार ने कांग्रेस नेता के खिलाफ एफआईआर कराने की तैयारी कर ली है।





कांग्रेस नेता व मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री राजा पटेरिया का कथित तौर पर जो वीडियो सामने आया है उसमें वे कुछ कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे हैं। वीडियो में वे कहते नजर आ रहे हैं कि मोदी चुनाव खत्म कर देगा, मोदी धर्म, जाति, भाषा के आधार पर बांट देगा, दलितों का आदिवासियों का और अल्पसंख्यकों का जीवन खतरे में है। यदि संविधान को बचाना है तो मोदी की हत्या करने के लिए तैयार रहो। इसके बाद में वे कहते हैं कि हत्या मतलब हार से है। राजा पटेरिया ने वीडियो वायरल होने के बाद चौतरफा ट्रोलिंग के शिकार हो गए। इसके बाद वे कहने लगे उनका मतलब अगले चुनाव में बीजेपी को हराने से था। उन्होंने कहा हत्या की बात फ्लो में निकल गया। लेकिन जिसने ये वीडियो रिकॉर्ड किया, उसने बस यही हिस्सा उठाया। पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि कहा कि ये वीडियो एडिट किया गया है। मेरे बयान को तोड़कर पेश किया गया।

इस मामले में मध्यप्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने एफआईआर के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व मंत्री राजा पटेरिया बयान सुना है। इससे पता चलता है कि कांग्रेस नेताओं की मानसिकता कितनी ओछी है। यह महात्मा गांधी की कांग्रेस नहीं बल्कि इटली की कांग्रेस है और इटली की मानसिकता मुसोलिनी की है।

## आरक्षक पर जानलेवा हमला, शराब पीने से मना करने पर किया वार

**भिलाई।** शहर में बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हैं कि पुलिस कर्मियों को भी नहीं छोड़ रहे हैं। रविवार शाम को भिलाई नगर थाना क्षेत्र में एक आरक्षक का गला रेत दिया गया। गनीमत यह रही कि आरक्षक को ज्यादा चोट नहीं आई। आरक्षक की गलती बस इतनी सी थी कि उसने बदमाशों को शराब पीने से मना किया था। इस मामले में शिकायत के बाद भिलाई नगर पुलिस ने अपराध दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार आरक्षक विपिन सिंह एसबी में कार्यरत है। रविवार की शाम 5 बजे उसने देखा कि उसके घर सेक्टर 6 के बाजू में नाला मैदान के पास कुछ लडके बैठ कर शराब पी रहे थे। विपिन सिंह ने पास जाकर उन्हें मना किया तो अनिल पंडित नाम के व्यक्ति ने गाली गलौच करते हुए हाथ में पकडे कट्टर से आरक्षक गले पर वार कर दिया।

इससे आरक्षक विपिन सिंह के गले के पास गंभीर चोट आई। इसके बाद आरक्षक को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों से इलाज के बाद स्थिति संभाली।

### सैन्य इतिहास में ऐतिहासिक कदम......

# भारतीय नौसेना के विशेष बल में कमांडो बनेंगी महिलाएं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय नौसेना ने अपने विशिष्ट विशेष बलों में महिलाओं को शामिल करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। सेना के किसी अंग में पहली बार कमांडो के रूप में महिलाओं को सेवा की अनुमति दी गई है। अधिकारियों ने रविवार को इस घटनाक्रम की जानकारी दी। हालांकि अभी इसका आधिकारिक एलान होना बाकी है।

बता दें, थल सेना, नौसेना और वायुसेना के विशेष बलों में कुछ विशिष्ट सैनिकों शामिल किया जाता है, जिन्हें कठोर प्रशिक्षण से गुजरना पड़ता है। ये गुप्त अभियान को अंजाम देने में सक्षम होते हैं।

सूत्रों ने बताया कि अब प्रशिक्षण के बाद अगर महिलाएं मानदंडों पर खरा उतरती हैं



तो वे नौसेना में समुद्री कमांडो (रूड्डह्म्ष्शह्य) बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि भारत के सैन्य इतिहास में यह ऐतिहासिक कदम है, लेकिन किसी को सीधे विशेष बल में शामिल नहीं किया जाएगा। वॉलंटियर के तौर पर काम करना होगा। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि वॉलंटियर के तौर पर मार्कोस बनने का विकल्प महिला अधिकारियों और नाविकों दोनों के लिए खुला होगा, जो अगले साल अग्निवीर भर्ती के तहत सेवा में शामिल होंगी।

#### कई मिशनों को अंजाम दे सकते हैं मार्कोस

नौसेना में शामिल मार्कोस को कई मिशनों के लिए प्रशिक्षित किया जाता है और वे समुद्र, हवा और जमीन में मिशन को अंजाम दे सकते हैं। ये कमांडो दुश्मन के युद्धपोतों, सैन्य ठिकानों, विशेष डाइविंग ऑपरेशन और टोही मिशन के खिलाफ गुप्त हमले कर सकते हैं। मार्कोस समुद्री क्षेत्र में भी आतंकवादियों से लड़ सकते हैं, और उन्हें आतंकवाद विरोधी भूमिका में कश्मीर के वुलर झील क्षेत्र में तैनात किया गया है।

अधिकारी ने कहा कि विशेष अभियान से लेकर उड़ान और युद्धपोत ड्यूटी तक, नौसेना ने अपने सभी विंग के लिए महिलाओं के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। नौसेना ने अब खुद को पूरी तरह से एक तटस्थ बल में बदल लिया है, जिसमें महिलाओं और पुरुषों के लिए समान अवसर मिलेंगे।

भारतीय नौसेना ओडिशा में आईएनएस चिल्का प्रशिक्षण केंद्र में महिलाओं सहित अग्निवीरों के पहले बैच को प्रशिक्षित कर रही है। नौसेना के अग्निवीरों के पहले बैच में 341 महिलाओं सहित 3,000 प्रशिक्षु शामिल हैं।

# यूपी में विरोध का असर, जीएसटी विभाग की छापेमारी पर 72 घंटे की लगी रोक

**लखनऊ ( एजेंसी )।** व्यापारियों के विरोध के बाद आखिरकार उत्तर प्रदेश सरकार ने जीएसटी विभाग की छापेमारी पर रोक लगा दी है। यूपी सरकार की ओर से अगले 72 घंटे तक कोई भी छापेमारी न करने का आदेश दिया है। इस छापेमारी के विरोध में पूरे प्रदेश में व्यापारी प्रदर्शन कर रहे थे।

उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में हो रही जीएसटी विभाग की छापेमारी पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। यूपी सरकार ने अगले 72 घंटे तक के लिए जीएसटी विभाग की छापेमारी को रोकने का आदेश दिया है। इस छापेमारी को लेकर पूरे प्रदेश भर में आक्रोश था और हर जिले में व्यापारी सड़क पर




उतरकर प्रदर्शन कर रहे थे। व्यापारियों का आरोप था कि जीएसटी विभाग के अफसर उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं।

गौरतलब है कि पिछले एक हफ्ते से प्रदेश स्तर पर जीएसटी विभाग की छापेमारी चल रही है। इस छापेमारी से यूपी के सभी जिलों के व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है, जिसके चलते अधिकतर बाजार बंद हैं। जीएसटी टीम की छापेमारी से डरे व्यापारी अपनी दुकानों को बंद किए हैं। पूरे व्यापारियों में बड़ा आक्रोश है. जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहा है।

# पोहा जलेबी कॉम्बिनेशन का कोई जवाब नहीं




जरूरी नहीं कि संतुष्टि केवल महंगी चीजों से मिले, कभी-कभी पोहा-जलेबी भी वह मजा दे जाती है जो सैंडविच और जूस नहीं दे पाते। शादी में एक रिश्तेदार मिले। चार साल पहले पढ़ने के लिए वो यूके गए थे और फिर वहीं के होकर रह गए। अब वो हिन्दी भी अंग्रेजों की तरह बोलते हैं। जिस रेसॉर्ट में शादी थी, वहीं मेहमानों को ठहराया भी गया था। सुबह-सुबह वो बाहर घूमते मिले। उनकी चाल में व्यग्रता थी। रात की वेट पार्टी के बाद सुबह पेट कुछ जल्दी ही खाली हो जाता है। भूख लगी थी और रिसॉर्ट का किचन खुलने में अभी वक्त था। उनकी अर्जेंसी ताड़ कर हमने उन्होंने घूमने चलने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने एक नजर अपनी कलाई घड़ी पर मारी और तैयार हो गये। मैं उन्हें सीधे ठेले पर ले गया। आलू की पनियल सब्जी के साथ पोहा मिल रहा था। पीछे एक दूसरे ठेले पर जलेबियां चाश्नी में कूद रही थीं। उन्होंने पहले तो मुंह बनाया। पर इधर-उधर से आती भोजन की खुशबू के आगे ज्यादा देर तक टिक नहीं पाये। पोहे में पड़ी छोटी सी चम्मच को देखकर पहले मुंह बिसूरा और फिर पोहा मुंह में डाला। आलू की तरी और पोहा सटासट गले से उतरने लगा। तीन प्लेट पोहा खाने के बाद उन्होंने प्लेट रख दी। फिर जलेबी का बारी आई। चाश्नी में अभी-अभी कूदी गर्मागर्म कुरकुरी जलेबी में वो कुछ ऐसे रमे कि कई प्लेट सड़प कर गए। चाय-काफी को उन्होंने मना कर दिया। इसके बाद तीन दिन तक सुबह का हमारा यही क्रम बना रहा। रबड़ी जलेबी, पूड़ी-सब्जी जलेबी और पोहा-जलेबी कॉम्बिनेशन ने उनका सैंडविच, पैस्ट्री, पास्ता, नूडल्स भुला दिया। दरअसल भारतीय व्यंजनों की बात ही और है। यहां सीजन के हिसाब न केवल कपड़ा-लत्ता बल्कि खान-पान भी बदल जाता है। नाश्ते का तो जायका ही और होता है। दरअसल, उस दिन सुबह पोहा जलेबी सूझने के पीछे भी एक फेसबुक रील का हाथ था। एक छोटी सी बच्ची हर सवाल का छत्तीसगढ़ी में सटा-सट जवाब दे रही थी। उसी के मुंह से सुना कि जलेबी हमारी राष्ट्रीय मिठाई है। हमारा ज्ञान राष्ट्रीय पशु-पक्षी, फल और फूल से आगे नहीं जा पाया था। हमारे यहां सुबह सुबह नाश्ता ठेले पर ही मिलता ह। इडली दोसा, सांभर वड़ा से भी पहले गुलगुला, पोहा और जलेबी की दुकानें खुलती हैं। बस रील का ज्ञान काम आ गया और एक हिन्दुस्तानी अंग्रेज की घर वापसी हो गई।




## संपादकीय

# विविधता की चिंता

जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण ने दुनिया को खतरे में डाल रखा है, लेकिन सुधार के प्रयास भी नाकाफी हैं। आज दुनिया में एक चौथाई जैव-विविधता विलुप्त होने के कगार पर है। ऐसे में, जैव-संरक्षण के लिए मॉन्ट्रियल, कनाडा में 190 से अधिक देशों के प्रतिनिधि और मंत्री विशेष सम्मेलन कर रहे हैं। कॉप15 नामक संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता शिखर सम्मेलन में 7 से 19 दिसंबर तक पृथ्वी पर सुधार के लिए विस्तृत चर्चा होगी। संरक्षण के लिए एक समझौते पर मुहर लगने की भी उम्मीद है। एक समझौता या संधि साल 2020 में भी हुई थी, क्या उसमें हम सफल हुए हैं। विश्व स्तर पर समीक्षा हो रही है, लेकिन सबसे जरूरी है, देशों को जैव विविधता संरक्षण के लिए बाध्य करना। प्रेरित करने का आह्वान अब मखौल-सा लगने लगा है। जैव विविधता हमारे हाथों से फिसलती चली जा रही है। क्या हम खेतों को नाइट्रोजन आधारित उर्वरकों से बचाने के लिए कुछ कर पाए हैं? खेत आधार हैं, खेत बिगड़े, तो पूरा खाद्यान्न क्षेत्र ही खतरे में पड़ जाएगा।

> “वैज्ञानिक बार-बार बोल रहे हैं कि जैव विविधता का कुछ और हिस्सा भी अगर हम खो देंगे, तो दुनिया में जीवन चक्र प्रभावित हो जाएगा, सहज जीवन पहले की तरह लौटकर नहीं आएगा। देखिए, दुनिया में जब उभयचर या मेंढक घट रहे हैं, तब अमेरिका जैसे विकसित देशों में भी मच्छरों और संक्रामक बीमारियों की आशंका तेजी से बढ़ रही है। कॉप15 को समस्याओं की सूची के साथ नहीं, समाधान व समझौते के साथ सामने आना होगा।

सेविंग नेचर के प्रमुख स्टुअर्ट पिम कहते हैं, ‘हम प्रजातियों को भौतिक विकास के माध्यम से लगभग 1,000 गुना तेजी से विलुप्त होने के लिए दुष्प्रेरित कर रहे हैं।’ कॉप15 धूमधाम से शुरू हो गया है, लेकिन शोधकर्ताओं और नीति विशेषज्ञों को चिंता है कि ज्यादातर देश अभी भी बहुत से जरूरी मुद्दों पर असहमत हैं। ऐसे में, क्या एक प्रभावी जैव संरक्षण समझौता हो पाएगा? संकट की गंभीरता अभी भी देशों को समझ नहीं आ रही है। एक वैश्विक मूल्यांकन से पता चलता है कि 40 प्रतिशत से अधिक उभयचर विलुप्त होने का खतरा झेलरहे हैं। उदाहरण के लिए, मेंढक जैसे मूलभूत जीव भी खतरे में हैं। इंडोनेशिया में बोगोर कृषि विश्वविद्यालय की पशु चिकित्सक मिर्जा कुसरिनी के नेतृत्व में एक टीम ने अध्ययन करके बताया है कि जलवायु परिवर्तन छोटे मेंढकों के जीवन को कठिन बना रहा है। खराब कवक या तत्व पानी में बढ़ने लगे हैं, उभयचरों का जीवन संकट में पड़ गया है। मेंढकों की अनेक प्रजातियां पहले ही नष्ट हो चुकी हैं। ग्लोबल वार्मिंग, जिससे समुद्र का तापमान बढ़ रहा है, दुनिया भर में प्रवाल भित्तियों को नुकसान पहुंचाने के लिए भी जिम्मेदार है। गौर कीजिए, नौ वर्ष की अवधि में, 2018 तक, दुनिया के 14 प्रतिशत प्रवाल समाप्त हो चुके हैं। खतरा बड़ा है, लेकिन अभी भी विनाशकारी ताकतें सक्रिय हैं। बेहिसाब पैमाने पर मछली व अन्य जल-जीव पकड़ने का काम हो रहा है। वन्यजीव व्यापार व तस्करी रोकने की दिशा में भी देशों के बीच एकजुटता नहीं आई है। अनियंत्रित विकास की वजह से मोटे तौर पर भोजन उत्पादन के लिए लगभग 75 प्रतिशत भूमि और 66 प्रतिशत महासागर क्षेत्र में काफी बदलाव हुए हैं। दुनिया से कौन-सा जीव किस वजह से विलुप्त हो रहा है, अभी इसका ही पूरा अनुमान नहीं है। जब तक हम होश में आएंगे, तब तक न जाने कितनी जैव विविधता से हाथ धो बैठेंगे। वैज्ञानिक बार-बार बोल रहे हैं कि जैव विविधता का कुछ और हिस्सा भी अगर हम खो देंगे, तो दुनिया में जीवन चक्र प्रभावित हो जाएगा, सहज जीवन पहले की तरह लौटकर नहीं आएगा। देखिए, दुनिया में जब उभयचर या मेंढक घट रहे हैं, तब अमेरिका जैसे विकसित देशों में भी मच्छरों और संक्रामक बीमारियों की आशंका तेजी से बढ़ रही है। कॉप15 को समस्याओं की सूची के साथ नहीं, समाधान व समझौते के साथ सामने आना होगा।

## भाग्य भरोसे कांग्रेस ने चुनाव लड़ा था

कोई राष्ट्रीय पार्टी या उसके नेता कैसे भ्रम का शिकार हो सकते हैं यह गुजरात चुनाव में कांग्रेस की राजनीति से साबित हुआ है। चुनाव प्रचार की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सभा में भाजपा कार्यकर्ताओं से कह दिया कि वे सावधान रहें क्योंकि कांग्रेस दिख नहीं रही है पर गांवों में उसका प्रचार हो रहा है और उसके कार्यकर्ता घर घर जा रहे हैं। असल में ऐसा कुछ नहीं हो रहा था। लेकिन कांग्रेस नेताओं ने इस बात को सच मान लिया। वैसे ही जैसे कोई कहे कि कौआ कान ले गया तो आप कान देखने की बजाय मानने लगें कि कौआ कान ले गया। कांग्रेस कहीं चुनाव नहीं लड़ रही थी। उसके पास न नेता था, न संगठन था और न कोई प्रचार का तंत्र था। इसके बावजूद कांग्रेस नेता इस भ्रम में बैठे रहे कि गांवों में उनका प्रचार हो रहा है। कांग्रेस नेताओं ने यह भी नहीं सोचा कि कौन प्रचार कर रहा है, कौन उनका नेतृत्व कर रहा है, नेता कौन है, स्टार प्रचारक कौन है, बस सब मानते रहे कि प्रचार हो रहा है। असल में गुजरात में कांग्रेस के पास कोई नेता नहीं था। यहां तक कि कांग्रेस ने गुजरात में चुनाव अभियान समिति का गठन तक नहीं किया था। प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल का नेता ऐसे लोगों को बनाया गया था, जिनकी पूरे गुजरात में पहचान नहीं थी। उनसे पहले भी प्रयोग के तौर पर दो ऐसे लोगों को अध्यक्ष और नेता विपक्ष बनाया गया था, जो अपने क्षेत्र से बाहर के लोगों के लिए अनजान थे। गुजरात के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनकी सरकार में मंत्री रहे रघु शर्मा के सहारे पार्टी चुनाव में उतरी थी।

## व्यापारियों को चेतावनी

नई दिल्ली, बुधवार। आज नेहरू जी ने लोकसभा में हर्ष-ध्वनि के बीच वक्तव्य देते हुए बताया कि भारतीय सेना में गुरखों को नियुक्त करने की बाबत संतोषजनक समझौता हो गया है। उनकी नियुक्ति ब्रिटिश सरकार भी कर सकेगी। सभा ने इस प्रजातंत्रीय निर्णय की सबसे अधिक सराहना की कि कुछ बटालियनों के गुरखे अपने मत देकर यह निश्चित करेंगे कि वे ब्रिटिश सरकार की नौकरी करना चाहते हैं अथवा नहीं। जो विरोध में मत देंगे, उन्हें भारतीय गुरखा सेनाओं में रख लिया जायेगा। वक्तव्य का एक रोचक अंश यह है कि अब तक के नियमों के प्रतिकूल गुरखा सेनाओं पर भारतीय अफसर नियुक्त किये जायेंगे और गुरखों को भारतीय कमीशन प्रदान किया जायेगा। डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने राशनिंग के विस्तार, अब तक की खाद्य नीति और भविष्य में खाद्य नियंत्रण को हटाने के लिये की जाने वाली कार्रवाइयों पर लगभग एक घंटे तक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा- 1944 में 2 करोड़ 7 लाख की आबादी के लिए खुराकबन्दी की व्यवस्था की गई थी, 1945 में वह 5 करोड 20 लाख, 1946 में 10 करोड़ और 1947 के अविभाजित भारत में 17 करोड़ 10 लाख की आबादी पर फैल गई। इस समय वह देश की 14 करोड 89 लाख की आबादी पर लागू है। खुराकबन्दी ने कर्मचारियों में भ्रष्टाचार, चोर बाजार और झूठे राशन कार्डों को जन्म दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार क्रमश नियन्त्रण हटाने में एक जोखिम ले रही है। परन्तु वह महसूस करती है कि नियन्त्रण कायम रखने में जो जोखिम मौजूद है उससे यह जोखिम छोटी है। उन्होंने आशंका प्रकट की कि जल्द या देर से खुराकबन्दी की व्यवस्था का टूट जाना अनिवार्य है और यह कीमतों के बढ़ने से होने वाली हानियों की अपेक्षा कहीं अधिक विनाशकारी सिद्ध होगा। परन्तु, उन्होंने कहा, हमारी नई नीति भूतकालीन नीति से बिल्कुल पृथक है फिर भी नियन्त्रण का तन्त्र जरूरत पर काम आने के लिए कायम रखा जायेगा। उन्होंने व्यापारियों को चेतावनी दी- सोने का अंडा देने वाली बतक का वध मत करो। यदि अ-नियन्त्रण असफल हो गया तो और भी कड़ा नियन्त्रण होगा, जो आपको मिटा देगा। सभा में इस कथन पर करतल-ध्वनि हुई। डाक्टर प्रसाद ने कहा कि नियन्त्रण उत्पादकों को प्रिय नहीं है, क्योंकि वे महसूस करते हैं, उन्हें उचित मूल्य प्राप्त नहीं होता।

> “ **जी20 की अध्यक्षता के माध्यम से, भारत ‘एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य’ की भावना को दुनिया के सामने लाने की कल्पना करता है। इसी भावना के अनुरूप, स्टार्टअप20 एंगेजमेंट ग्रुप स्टार्टअप की सहायता करने और उन्हें समावेशी एवं विविध भागीदारी के माध्यम से हमारे सामूहिक भविष्य का हिस्सा बनाने हेतु एक वैश्विक धारणा का निर्माण करने और उसे सहेजकर बनाए रखने की आकांक्षा रखता है।**

स्टार्टअप-20 एंगेजमेंट ग्रुप

# जी20 देशों के आर्थिक एजेंडे में स्टार्टअप को सबसे ऊपर रखने की कवायद भारत के उभरते स्टार्टअप इकोसिस्टम से

डॉ. चिंतन वैष्णव

प्रत्येक देश की उभरती जरूरतों और वहां के स्थापित मूल्यों के अनुरूप अलग-अलग लेकिन एक सामूहिक भविष्य का निर्माण करते हुए, स्टार्टअप आज नवाचारों से प्रेरित आर्थिक सुधार, पुनर्संरचना और विकास के इंजन बन गए हैं। कुल 90 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की समग्र वैश्विक अर्थव्यवस्था में वैश्विक स्टार्टअप अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी लगभग 3 ट्रिलियन1 अमेरिकी डॉलर की है और यह हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है।

तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य की जरूरतों की दृष्टि से प्रतिक्रिया देने वाले नवाचार को संचालित करने में स्टार्टअप की भूमिका महामारी के दौरान बिल्कुल स्पष्ट रही है। यह भूमिका न सिर्फ जीवन बचाने में योगदान देने, बल्कि आर्थिक जीवंतता की ओर वापस ले जाने की रही है। सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में अर्थव्यवस्थाओं की सहायता करने, सीमाओं के पार सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप तेजी से प्लेटफॉर्म और साधनों की पेशकश कर रहे हैं। इस प्रकार, वे रोजगार सृजन, तकनीकी प्रगति, दीर्घकालिक विकास और संकट प्रबंधन के मामले में दुनिया भर में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

वर्ष 2023 में जी20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान शुरू किए जाने वाले स्टार्टअप-20 एंगेजमेंट ग्रुप की आकांक्षा स्टार्टअप का समर्थन करने और स्टार्टअप, कॉरपोरेट जगत, निवेशकों, इनोवेशन एजेंसियों एवं संबद्ध इकोसिस्टम के अन्य प्रमुख हितधारकों के बीच तालमेल को संभव बनाने हेतु एक वैश्विक धारणा का निर्माण करने की है। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम है, जिसमें 1072 यूनिकॉर्न, 83,000 से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप और उन्हें सहयोग देने के लिए एक निरंतर विस्तार करता हुआ इनोवेशन इकोसिस्टम शामिल है।




नए शुरू किए गए स्टार्टअप-20 एंगेजमेंट ग्रुप के माध्यम से, भारत जी20 देशों के बीच रणनीतिक सहयोग के जरिए रचनात्मक स्टार्टअप की सहायता करने के लिए दुनिया को एक समावेशी ढांचा विकसित करने में मदद करने की आकांक्षा रखता है। जी20 देशों में से प्रत्येक देश जहां आंतरिक रूप से अपने स्टार्टअप इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है, वहीं यह समूह स्टार्टअप के वित्तपोषण के मॉडल को संभव बनाने और विशेष रूप से वैश्विक महत्व के क्षेत्रों के लिए सुसंगतता एवं सह-निर्माण को सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेगा।

इस एंगेजमेंट ग्रुप के स्थापना वर्ष के लिए, भारत ने तीन साझा स्तंभों की पहचान की है:

1. नींव और गठबंधन: जी20 की अर्थव्यवस्थाओं में स्टार्टअप और उनके काम को लेकर कई परिभाषाएं मौजूद हैं। पहले स्तंभ के माध्यम से, स्टार्टअप20 की नींव को मजबूत करने के लिए स्टार्टअप के लिए एक हैंडबुक तैयार करने हेतु आम सहमति के आधार पर परिभाषाओं और शब्दावलियों का मूल्यांकन किया जाएगा। इसके अलावा, इस स्तंभ का उद्देश्य जी20 की अर्थव्यवस्थाओं में स्टार्टअप इकोसिस्टम के हितधारकों के बीच वैश्विक गठजोड़ बनाने हेतु एक रूपरेखा तैयार करना और विभिन्न देशों के बीच पारस्परिक सहयोग को प्रोत्साहित करना है।
2. वित्त: दूसरा स्तंभ स्टार्टअप के वित्तपोषण को आसान बनाने और नेटवर्किंग एवं पिचिंग अवसर प्रदान करके एक सहयोगी वातावरण बनाने हेतु नीतियों और फ्रेमवर्क पर ध्यान केन्द्रित करेगा।
3. समावेशिता और स्थिरता: तीसरा स्तंभ सभी देशों के सामान्य हित के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) से संबंधित अंतरालों की भरपाई करने वाले या उन समूहों, जिनके समावेशन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है (जैसेकि महिला उद्यमी, दिव्यांग व्यक्ति), का प्रतिनिधित्व करने वाले स्टार्टअप को गति प्रदान करने हेतु उपयुक्त तंत्र स्थापित करने पर ध्यान केन्द्रित करेगा।

स्टार्टअप20, विभिन्न जी20 के देशों में स्टार्टअप इकोसिस्टम के विकास के अपने दायित्व को पूरा करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों और सत्रों की मेजबानी करने की कल्पना करता है। ये गतिविधियां 28 जनवरी, 2023 (हैदराबाद में) और 3 जुलाई, 2023 को शिखर सम्मेलन (गुरुग्राम में) के उद्घाटन समारोह से शुरू करके छह कार्यक्रमों के दौरान चलेंगी। भारत के विभिन्न हिस्सों में भी कई कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। इसके अलावा, भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने के लिए एक बड़े स्टार्टअप शोकेस की कल्पना की गई है।

इस एंगेजमेंट ग्रुप के माध्यम से, जी20 के देशों द्वारा आम तौर पर स्वीकृत सिफारिशों को दर्ज करने वाली आधिकारिक नीति संबंधी विज्ञप्ति को संकलित और प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा, उपरोक्त बातचीत के परिणामस्वरूप सामने आने वाले विभिन्न दिशानिर्देशों, उत्कृष्ट कार्य प्रणालियों, रूपरेखाओं और रणनीतिक सिफारिशों से संबंधित कई प्रकाशन भी हासिल किए जाएंगे। यही नहीं, भारत इस तरह की गतिविधियों और इस जुड़ाव के परिणामों को दिशा देने में सक्षम एक ‘ग्लोबल इनोवेशन हब’ बनाने की भी आकांक्षा रखता है। जी20 की अध्यक्षता के माध्यम से, भारत ‘एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य’ की भावना को दुनिया के सामने लाने की कल्पना करता है। इसी भावना के अनुरूप, स्टार्टअप20 एंगेजमेंट ग्रुप स्टार्टअप की सहायता करने और उन्हें समावेशी एवं विविध भागीदारी के माध्यम से हमारे सामूहिक भविष्य का हिस्सा बनाने हेतु एक वैश्विक धारणा का निर्माण करने और उसे सहेजकर बनाए रखने की आकांक्षा रखता है।

**लेखक: मिशन निदेशक, अटल इनोवेशन मिशन एवं स्टार्टअप 20 के अध्यक्ष है**

# महंगाई गई या अभी और आएगी?

आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार

बहुत हुई महंगाई की मार! आप कुछ कहें, इससे पहले भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कह दिया है कि महंगाई का सबसे बुरा दौर अब पीछे छूट चुका है। मौद्रिक नीति के एलान के बाद हुई प्रेस-वार्ता में उन्होंने यह स्पष्ट किया कि क्यों रिजर्व बैंक को अब महंगाई के मोर्चे पर कुछ राहत दिखती है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल से लेकर दूसरी तमाम कॉमोडिटी या जरूरी चीजों के दामों में लगातार नरमी आ रही है, जिसकी वजह से पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ने की रफ्तार काफी कम होती दिख रही है। हालांकि, उन्होंने यह भी चेताया कि हथियार रखकर चैन से बैठने का वक्त फिलहाल नहीं आया है।

अभी काफी समय तक महंगाई का आंकड़ा चार प्रतिशत या उससे नीचे गिरने के आसार नहीं हैं। रिजर्व बैंक के अनुसार, खुदरा महंगाई का आंकड़ा इस तिमाही (अक्तूबर-दिसंबर) में 6.6 प्रतिशत और अगली तिमाही, यानी जनवरी से मार्च तक 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। सितंबर में मौद्रिक नीति के समय बैंक ने इन दोनों तिमाहियों के लिए महंगाई 6.4 प्रतिशत व 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। इसी के साथ बैंक का यह भी कहना है कि चालू वित्त वर्ष में महंगाई का औसत 6.7 प्रतिशत रहेगा।

जाहिर है, चार प्रतिशत का लक्ष्य तो दूर, यह दो से छह प्रतिशत के बीच, यानी बर्दाश्त की हद में पहुंचता भी नहीं दिख रहा है। इंफ्लेशन टारगेटिंग या महंगाई पर नजर रखने की व्यवस्था में रिजर्व बैंक का लक्ष्य है कि वह महंगाई को चार प्रतिशत पर बनाए रखने की कोशिश करे। इसके ऊपर-नीचे दो प्रतिशत तक का हेर-फेर बर्दाश्त के काबिल माना जाता है। इसलिए रिजर्व बैंक के सब्र की सीमा दो प्रतिशत से छह प्रतिशत के बीच मानी जाती है। असल में, यही रिजर्व बैंक का मुख्य काम है कि वह महंगाई काबू में रखे।



गवर्नर शक्तिकांत दास ने पिछले महीने ही एक आयोजन में कहा था और मौद्रिक नीति के बाद फिर दोहराया कि रिजर्व बैंक अर्जुन की तरह महंगाई पर नजर टिकाए हुए है। बैंक का अनुमान है कि अगले वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही में महंगाई 5 प्रतिशत और 5.4 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी।

हालांकि, नवंबर की महंगाई का आंकड़ा आज शाम तक ही आएगा, लेकिन समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने अर्थशास्त्रियों के बीच जो सर्वेक्षण किया है, उसमें ज्यादातर अर्थशास्त्रियों ने उम्मीद जताई है कि इस महीने महंगाई का आंकड़ा नौ महीने में सबसे नीचे स्तर पर दिखेगा। उनके हिसाब से, खासकर खाने-पीने की चीजों के भाव नरम पड़ने के कारण महंगाई का आंकड़ा 6.4 प्रतिशत पर आ जाएगा। अगर यह अनुमान सही निकला, तो इसका मतलब यह हुआ कि महंगाई ठीक वहीं पहुंच जाएगी, जहां वह यूक्रेन पर रूस के हमले के ठीक पहले थी, यानी फरवरी में। यहां यह याद रखना चाहिए कि यूक्रेन पर रूस के इस हमले के साथ ही, दुनिया भर के बाजारों में खाने-पीने की सामग्री के भावों में अचानक आग-सी लग गई थी। भारत के लिए यह खासकर चिंताजनक स्थिति रही है, क्योंकि यहां महंगाई के आंकड़े में 40 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी सिर्फ खाने-पीने की चीजों की ही होती है। जाहिर है, इनके दाम में नरमी की खबर बड़ी राहत साबित होगी।

शक्तिकांत दास भी कह रहे हैं कि अभी आराम से बैठने का वक्त नहीं है, लगातार चौकन्ना रहना होगा, और विशेषज्ञों का भी मानना है कि महंगाई के मोर्चे पर अभी खतरा टला नहीं है। शायद यही वजह है कि महंगाई का सबसे खराब दौर पार होने की खबर देने के साथ ही रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में 0.35 प्रतिशत की बढ़ोतरी भी कर डाली है।

यह बात सच है कि खाने-पीने की महंगाई कम होती दिखी है, लेकिन अनाज के दाम अब भी बेकाबू हैं। खाद्यान्न की महंगाई का आंकड़ा सितंबर में 11.5 प्रतिशत था, तो अक्तूबर में यह 12 प्रतिशत के पार पहुंच गया था। खासकर चावल और गेहूं के दाम तो साल भर में क्रमश 10 और 17 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं। इस महंगाई को समझना आसान भी नहीं है, खासकर ऐसे वक्त में, जब 80 करोड़ लोगों को लगभग डेढ़ साल से सरकार मुफ्त अनाज बांट रही है। इस गणित में उलझने के बजाय यहां यह समझना जरूरी है कि अगर यह दाम काबू में नहीं आए, तो फिर खेल खराब हो सकता है।

दूसरी ओर, ज्यादा गंभीर समस्या महंगाई के आंकड़ों में है। खाद्य और ईंधन या कच्चे तेल की महंगाई में राहत की खबरें हैं, पर चिंता की बात यह है कि इन दोनों चीजों को हटाकर जो महंगाई का आंकड़ा बनता है, उसे असल महंगाई कहा जाता है। असल महंगाई का लगभग छह प्रतिशत के आसपास इतने लंबे समय तक बने रहना, परेशानी का सबब बन सकता है।

रॉयटर्स ने जिन अर्थशास्त्रियों से बात की, उनका भी कहना है कि महंगाई में कमी आने की उम्मीद दिख रही है, लेकिन यह कहना मुश्किल है कि महंगाई नीचे ही बनी रहेगी। दूसरी तरफ रिजर्व बैंक के सारे आकलन इस बात पर टिके हैं कि मौसम सामान्य रहेगा। कहीं थोड़ी-सी गड़बड़ भी अरमानों पर पानी फेर सकती है। अमेरिका में महंगाई कम जरूर हुई है, लेकिन इंग्लैंड और यूरोप में यह अब भी खतरनाक स्तर पर है और बढ़ती जा रही है। विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि महंगाई का रौद्र रूप सामने आना बाकी है।

हालांकि, यह चेतावनी भारत के लिए नहीं है। ज्यादातर जानकार मानते हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था जबर्दस्त मजबूती दिखा रही है और इन मुश्किलों से बचने में कामयाब रहेगी, लेकिन यदि बाकी दुनिया में महंगाई का नया दौर शुरू हो गया, तो फिर कच्चे तेल और कॉमोडिटी का रुख भी बदल सकता है। हालांकि, वह तो अगर-मगर का किस्सा है, पर उसके बिना भी न रिजर्व बैंक यह दावा कर रहा है और न ही विशेषज्ञ मान रहे हैं कि महंगाई आने वाले समय में चार प्रतिशत के आस-पास भी पहुंचने वाली है।

ऐसे में, इस बात का शुक्र मनाया जा सकता है कि महंगाई की रफ्तार कम पड़ रही है या आगे और नहीं बढ़ रही है। मगर यह मुसीबत पूरी तरह टल जाए, इसके लिए रिजर्व बैंक को न सिर्फ मुस्तैद रहना होगा, बल्कि सरकार को भी यह इंतजाम करना होगा कि आर्थिक तरक्की की राह आसान करने का काम वह खुद करे और उसके लिए रिजर्व बैंक से फिलहाल किसी तरह की ढील की उम्मीद न रखे।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# टीम वर्क के फायदे

आजकल एक शब्द बार-बार सुनाई देता है, ‘टॉक्सिक।’ टॉक्सिक, यानी विषाक्त। चीजें विषाक्त होती हैं, हवा जहरीली हो सकती है या पानी विषाक्त हो सकता है, लेकिन अब तो आदमी के लिए भी इस शब्द का प्रयोग होने लगा है। बहुत से मैनेजर और निदेशक स्तर के लोग कहते हैं कि बाकी सब तो ठीक है, लेकिन हमारी टीम में बड़े टॉक्सिक लोग हैं, उनके साथ काम करना मुश्किल है। हिन्दुस्तान में ही नहीं, ऐसा बाहरी देशों में भी हो रहा है। हाल ही में इजरायल के एक इंजीनियर से बात हो रही थी, उन्होंने कहा कि मैं अपने कनिष्ठ लोगों से तो काम ले लेता हूं, लेकिन मेरे बराबर के जो लोग हैं, वे बड़े टॉक्सिक हैं। उनके साथ काम करने से बीमार सा हो जाता हूं। आखिर क्या वजह है कि आदमी आदमी को बर्दाश्त नहीं कर सकता?

यह इजरायली मित्र मेरी एक वर्कशॉप में शामिल हुए थे। उस कार्यशाला में हम टीम वर्क पर कुछ खास तरह के प्रयोग कर रहे थे। ओशो की एक ध्यान-विधि है, जिसमें पेंटिंग द्वारा आप तनाव विसर्जित कर सकते हैं। मैनेजर स्तर के लगभग दस वरिष्ठ लोग थे। पहले उन्हें एक सफेद ड्रॉइंग पेपर दिया गया व कुछ क्रेयान के रंग और उनसे कहा गया कि इस पल आपके मन में जो भी भाव तरंगित हों, उनको कागज पर उतारिए। कोई थीम नहीं, न पोर्ट्रेट, न लैंडस्केप। लोग खुश हो गए। बंधन मुक्त होकर रंगों के साथ शिशुवत खेलने लगे। उनकी गंभीरता रंगों में बह गई।

फिर मैंने उन्हें एक बड़ा सा कागज दिया और कहा, इस पर आप सब मिलकर एक चित्र बनाइए। मान लीजिए कि आप सब एक ही कंपनी में काम करते हैं और आपका लक्ष्य एक ही है- कंपनी की तरक्की। पहले तो उन्हें कुछ अटपटा लगा, लेकिन बाद में वे उस खेल में उतर गए। सभी मिलकर रंगों का जश्न मना रहे थे, कोई एक रेखा खींचता, तो दूसरा उसे और आगे ले जाता। किसी ने एक रंग भरा, तो दूसरा उसे उभारने के लिए और खूबसूरत रंग लाता। कुल मिलाकर जब चित्र पूरा हुआ, तो सारे लोग देखते ही रह गए- इतना खूबसूरत नतीजा! ऐसा भी काम हो सकता है? न कोई प्रतिद्वंद्विता, न ईर्ष्या, न दूसरों को पछाड़ने का भाव, सभी एकात्म भाव से काम कर रहे थे।

इजरायली मित्र का चेहरा सूरजमुखी-सा खिल गया। वह बोले, इस प्रक्रिया ने मेरे सामने बहुत बड़ा राज खोला है। यह चित्र इतना सुंदर बना, क्योंकि मैंने सभी को सहभागी बनाया, सबको पूरा अवसर दिया जो वे चाहते हैं, उसे करने का। मैं दिल से काम कर रहा था, दिमाग से नहीं। दूसरों को मैं अपना प्रतिद्वंद्वी मानता हूं, इसी से तनाव पैदा होता है। दिमाग दूसरों से टकराता है, दिल सबको शामिल करता है।

**अमृत साधना**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reastaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## प्रभारी मंत्री लखमा ने दी 9 करोड़ से अधिक राशि के विकास कार्यों की सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर। छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य कर उद्योग (आबकारी) तथा बीजापुर जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने भैरमगढ़ प्रवास के दौरान 9 करोड़ से अधिक राशि के विकास कार्यों की सौगात दी। वहीं नगरीय क्षेत्र में पहली बार वन अधिकार पत्र प्रदाय किय गया। जिसमें 140 हितग्राही को मंत्री श्री लखमा द्वारा पट्टा प्रदाय किया गया, पहली बार नगरीय क्षेत्र में पट्टा वितरण से लोगों में उत्साह का माहौल दिखा।**



प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बीजापुर की दशा और दिशा में लगातार परिवर्तन देखने को मिल रहा है। बीजापुर जिला विकास के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशानुसार ग्रामीण, किसान आदिवासी के हित में विभिन्न योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। आज सुदूर क्षेत्रों में वन अधिकार पत्र दिया जा रहा है। सिर्फ पट्टा देने का काम सरकार नहीं कर रही बल्कि ग्रामीण आदिवासी किसानों को समृद्ध बनाने आजिविका एवं आर्थिक गतिविधियों से जोड़ रहे हैं। वन अधिकार प्राप्त किसानों के जमीन को समतलीकरण, उनके खेत में डबरी निर्माण कर मछली पालन, पशुपालन, कृषि उद्यानिकी जैसे फसल लेने को प्रेरित किया जा रहा है। वहीं समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों का रूझान कृषि के तरफ बढ़ा है। पंजीकृत किसानों की संख्या एवं रकबा में वृद्धि हुई है। कर्ज माफी से किसान कर्ज से मुक्त हुऐ, सिंचाई के साधन बढ़े, तेंदूपत्ता प्रति बोरा 4 हजार होने से वनांचल के आदिवासी आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं। ग्रामीण आदिवासी बच्चों के उचित शिक्षा व्यवस्था हेतु आत्मानंद स्कूल खोला गया जिसमें बच्चे फर्राटेदार अंग्रेजी बोल रहे हैं। बरसों से बंद पड़े स्कूल को दोबारा खोला गया है। वहीं स्थानीय युवा ज्ञानदूत के रूप में बच्चों को पढ़ा रहे हैं और उन्हें रोजगार के अवसर मिला है।

बहुत कुछ परिवर्तन बीजापुर मे हुआ है जिससे ग्रामीण अंचल सुदूर क्षेत्र के आदिवासियों की खुशी की लहर है। भूमिपूजन और लोकार्पण के अवसर पर भैरमगढ़ नगर पंचायत को 8 करोड़ 42 लाख के भूमिपूजन एवं 63 लाख के लोकार्पण करते हुऐ कहा कि क्षेत्रीय विधायक द्वारा लगातार अपने क्षेत्र में जनता की समस्या से अवगत होते देखा हूं हमेशा जनता के बीच उनके सुख-दुख में साथ खड़ा दिखाई देता है और जिले के विकास के लिए सजग और सक्रियता से मांग उठाता है। विधायक श्री विक्रम मंडावी ने प्रभारी मंत्री का आभार व्यक्त किया।

## कड़ी मेहनत लगन एवं सतत प्रयास से ही प्रतिभा में निखार आता है : आर. एन. वर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग । छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर के द्वारा न्यू सर्किट हाउस रायपुर में आज कार्यक्रम आयोजित किया गया था जहां प्रयास आवासीय विद्यालय से आई आई टी, ट्रिपल आई आई टी, एन आई टी, एम बी एस एवं अन्य विशिष्ट संस्थाओं में प्रवेश हेतु चयनित 54 विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया था।**




मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी द्वारा अनुसंशित 50- 50 हजार रुपए का चेक इन प्रत्येक छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री श्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी भारत माता के वीर सपूत शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान को नमन करते हुए, कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री श्री आर. एन. वर्मा ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों के कड़ी मेहनत लगन एवं सतत प्रयास से आप लोगों का आज जिस प्रकार से सामाजिक रूप से सम्मान हुआ है वह जीवन में एक सुखदाई क्षण है। विद्यार्थी जीवन में जो अनुशासित रहकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर लगा रहता है एवं इमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है, उन्हें ही सफलता का श्रेय मिलता है, पुरस्कृत सभी छात्र छात्राओं को एवं उपस्थित उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए।

कार्यक्रम में के. पी. खांडे जी अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष, कुमारी राजकुमारी दीवान उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग, छत्तीसगढ़ शासन के सचिव श्री डी0 डी. सिंह विभागीय आयुक्त एवं विभाग के अधिकारी गणों के साथ छात्र छात्राओं के अभिभावक गण उपस्थित रहे।

## खास खबर

### संभावित बेमौसम बारिश से धान बचाव की सुरक्षा का पुख्ता इंतज़ाम करें - कलेक्टर

**महासमुंद।** मौसम में नमी एवं संभावित बारिश को देखते हुए कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने सभी धान खरीदी केंद्र के प्रभारी को धान को बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। इसके तहत सभी केंद्रों में कवर कैंप रखने कहा गया है। एकाएक मौसम की करवट से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। जिससे जिले में ठंड बढ़ गयी है। उन्होंने सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सहकारिता, बैंक, खाद्य विभाग के अधिकारियों को फील्ड में जाकर निरीक्षण करने कहा। उन्होंने संभावित बेमौसम बारिश को ध्यान में रखते हुए समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे धान की समुचित सुरक्षा के उपाय करने कहा है। धान खरीदी के निरीक्षण हेतु नियुक्त समस्त जिला अधिकारियों को अपने-अपने धान खरीदी केंद्रों में बारिश से धान के बचाव की समुचित व्यवस्था करें और जानकारी लेते रहे। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा है कि सभी उपार्जन केन्द्रों में धान की स्टेकिंग बारिश से बचाव के लिए उचित तरीक़े से ढका हुआ हो, यह सुनिश्चित करें।

### चक्रवात से बने निम्नदाब के कारण दक्षिणी छत्तीसगढ़ में होगी हल्की वर्षा

**रायपुर।** प्रदेश में काफी मात्रा में बंगाल की खाड़ी से नमी आने के कारण आंशिका रूप से बादल छाए हुए हैं। प्रदेश में आज प्रदेश के उत्तरी भाग में आंशिक रूप से हम बादल रह सकते हैं तथा मौसम शुष्क रहेगा। प्रदेश के दक्षिणी भाग में आंशिक रूप से बादल रहने की संभावना है साथ ही एक-दो स्थानों पर बस्तर संभाग के जिलों में वर्षा भी हो सकती है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में अगले 2 दिनों में 1 से 2 डिग्री तक वृद्धि हो सकती है। प्रदेश के दक्षिणी भाग में अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट होने तथा उत्तरी भाग में अधिकतम तापमान में मामूली वृद्धि हो सकती है।

## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ को किया सम्मानित

### प्रदेश में दिसम्बर तक के लिए निर्धारित लक्ष्य से 62 अधिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स को किया गया ऑपरेशनालाइज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आज छत्तीसगढ़ को समय-सीमा के पहले हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स फंक्शनल करने का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए सम्मानित किया गया। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे पर बनारस में आयोजित कार्यक्रम में इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ को प्रमाण पत्र प्रदान किया।**



छत्तीसगढ़ ने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स के संचालन के लिए दिसम्बर-2022 तक के लिए निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा सेंटर्स को फंक्शनल कर लिया है। छत्तीसगढ़ को कुल 4825 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों और शहरी स्वास्थ्य केंद्रों का उन्नयन कर हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर्स के रूप में संचालित करने का लक्ष्य मिला था। राज्य में अभी इस लक्ष्य से 62 अधिक यानि 4887 केंद्रों का संचालन हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने स्वास्थ्य विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ को इस उत्कृष्ट कार्य व उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने इसमें लगे विभागीय टीम की पीठ थपथपाते हुए उम्मीद जताई है कि प्रदेश में जल्दी ही सभी चयनित स्वास्थ्य केंद्रों का हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में उन्नयन कर लिया जाएगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सरगुजा संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. पूनम सिसोदिया ने छत्तीसगढ़ की ओर से बनारस में यह सम्मान ग्रहण किया। प्रदेश के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स में लोगों को प्रसव पूर्व देखभाल व प्रसव, नवजात शिशु स्वास्थ्य एवं टीकाकरण, परिवार नियोजन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं संचारी रोग व गैर-संचारी रोग स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, सामान्य रोगों के लिए बाह्य रोगी देखभाल एवं प्रबंधन, आंख-नाक-कान-गला संबंधी सामान्य देखभाल, मुख स्वास्थ्य संबंधी देखभाल, वयोवृद्ध स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं तथा आपातकालीन चिकित्सा सुविधा जैसी 12 तरह की स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जा रही हैं। लोगों को सेहत के प्रति जागरूक करने इन केंद्रों के माध्यम से योग एवं वेलनेस की गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं।

प्रदेशवासियों को सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (ष्ट।॥ह्) नियुक्त किए गए हैं।

## शहर विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी -जैन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** विजय वार्ड क्रमांक 02 में कृष्ण मंदिर के पास सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य लागत 9.45 लाख एवं विजय वार्ड क्रमांक 02 में प्रशांत दुबे घर से नरेश श्रीवास्तव घर तक बी टी सड़क निर्माण कार्य लागत 11.18 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा की हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की मंशा अनुरूप शहर विकास के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है ।

शहर का ऐतिहासिक कृष्ण मंदिर पहले उपेक्षित पड़ा था पर हमारी सरकार की इच्छा शक्ति एवं अधिकारियों के प्रयासों से आज कृष्ण मंदिर अपने वैभवशाली स्वरूप में उभर कर सामने आ गया है यह रियासत कालीन मंदिर ना केवल यादव समाज वरन हर समाज के आस्था का केंद्र है उन्होंने कहा की यह सामुदायिक भवन ना केवल यादव समाज वरन हर समाज के लिए उपयोगी साबित होगा। नगर निगम की सभापति श्रीमती कविता साहू ने संबोधित करते हुए कहा की हमारे विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन जी गढबो नवा जगदलपुर की अवधारणा को साकार करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं हर समाज के लिए भूमि और भवन निर्माण के लिए राशि दिलवाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन नगर निगम की सभापति श्रीमती कविता साहू यादव समाज के अध्यक्ष पार्षद बलराम यादव, पार्षद शुभम यदु वरिष्ठ नेता प्रशांत दुबे शहर जिला कांग्रेस कमेटीअध्यक्ष सरिता यादव महिला प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष श्रीमती सुमन यादव समेत यादव समाज के पदाधिकारी एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।






## उद्योग मंत्री ने 300 से अधिक स्कूली छात्राओं को किया साईकिल वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर** । जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा का नैमेड़, जांगला एवं भैरमगढ़ के बच्चों ने हर्षोल्लास के स्वागत किया मंत्री लखमा ने बचों के साथ सेल्फी ली और बच्चों से पूछा आगे चलकर क्या बनोगे फिर बच्चों ने तत्परता के साथ अपना-अपना रूचि बताया, बच्चों के आग्रह पर उनके पास जाकर सेल्फी भी लिए स्कूली बच्चों ने मंत्री जी के साथ खुलकर बातें की और स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलने के लिए धन्यवाद दिया।

इस दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि अब हमारे बीजापुर के बच्चे भी फर्राटेदार अंग्रेजी बोलेंगे और बड़े होकर देश-विदेश मे अपनी योग्यता और शिक्षा के माध्यम से देश का राज्य का और बीजापुर जिले के साथ-साथ अपने माता-पिता और परिवार का नाम रौशन करेंगे।



स्कूली छात्राओं को कहा आप सभी हमारे देश के भविष्य हो अच्छी शिक्षा आप सभी का अधिकार है और हम सबको अच्छी शिक्षा दे रहे हैं। अब गरीब आदिवासी बच्चे नि:शुल्क अच्छी गुणवत्ता के अंग्रेजी का शिक्षा ले पायेंगे। इस दौरान नैमेड़, धनोरा, जांगला एवं भैरमगढ़ के 300 से अधिक स्कूली छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरण किया गया।

इस दौरान विधायक विक्रय मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, जिला पंचायत सदस्य सोमारू राम कश्यप, राज्य युवा आयोग के सदस्य प्रवीण डोंगरे, खाद्य आयोग के सदस्य इम्तियाज खान, सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।







## खास खबर...

### देश को एक नई रफ्तार मोदी के प्रयासों से मिलेगी - अरुण साव

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ को वंदे भारत सुपर स्पीड एक्सप्रेस की सौगात देने पर उपस्थित बच्चों से लेकर बड़ो तक उत्साह देखते ही बन रहा था। ढोल-नगाड़ों की आवाज और बच्चों द्वारा वंदे भारत का स्वागत है के नारों से पूरा वंदे भारत ट्रेन गूंजता रहा। राजनांदगांव से इस ट्रेन में सवार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने कहा कि देश को एक नई रफ्तार मोदी जी के प्रयासो से मिलेगी । मोदी जी ने छत्तीसगढ़ के विकास को रफ्तार दी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति को देश दुनिया में भाजपा ने नई पहचान दी है। अटलजी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया और मोदी जी राज्य का विकास करने हमेशा आगे रहते हैं। मोदी जी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश को अनेक सौगातें दी है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के आने से आवागमन की सुविधा के साथ-साथ व्यापार को भी गति मिलेगी। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन से लेकर विकास की यात्रा तक भाजपा का योगदान है। छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो दे रहे हैं, वह कभी नहीं मिला। वंदे भारत एक्सप्रेस छत्तीसगढ़ की गति का प्रतीक है और यहां जी 20 की बैठक दुनिया के नक्शे में छत्तीसगढ़ का सम्मान बढायेगी। इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने इस रेल को परिवहन के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह रेल सेवा नागपुर से बिलासपुर यात्रा करने वाले लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण रेल सिद्ध होगी साथ ही राजनांदगांव में उसका स्टॉपेज मिलने से राजनांदगांव के वासियों को नागपुर और बिलासपुर के लिए बेहतर कनेक्टिविटी की सुविधा मिलेगी। पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने अपना अनुभव साझा किया और कहा कि, अभी तक ऐसी ट्रेनें विदेशों में या फिल्मों में देखने को मिलती थी, अब वही ट्रेनें छत्तीसगढ़ की पटरियों पर दौड़ती हुई नजर आएंगी। विदित हो कि वंदे भारत ट्रेन भारत की सबसे तेज दौड़ने वाली ट्रेन है। महज 52 सेकेंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेने वाली इस ट्रेन को 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलाया गया, जिसे भविष्य में बढ़ाकर 200 किमी प्रति घंटा करने की योजना है। यह ट्रेन पूरी तरह से वातानुकूलित है और इसमें स्वचालित गेट हैं। सुरक्षा के लिहाज से इस ट्रेन में सीसीटीवी भी लगाए गए हैं. इस ट्रेन के लगेज रैक में एलईडी डिफ्यूज लाइट्स हैं, जो अक्सर विमानों में लगाई जाती हैं। छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ से लेकर बिलासपुर तक प्रत्येक स्टॉपेज में भाजपा नेताओं ने इस ट्रेन का स्वागत किया । बिलासपुर रेलवे स्टेशन में पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, पूर्व मंत्री विधायक पुन्नु लाल मोहले, विधायक रजनीश सिंह, विधायक डा. कृष्णमूर्ति बांधी व जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत सहित हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने वंदे भारत एक्सप्रेस का स्वागत किया।

### गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण के लिए शांतिकुंज से शक्ति कलश पहुंचा

**रायपुर।** गायत्री परिवार रायुपर द्वारा 23 से 26 दिसम्बर तक ओम सोसायटी सुंदर नगर रायपुर में आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण की तैयारी तेज हो गई है। इस हेतु गायत्री परिवार के मुख्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रमुख आदरणीय शैलबाला पांड्या एवं डॉ. प्रणव पांड्या द्वारा भेजा गया पवित्र शक्ति कलश रविवार को समता कॉलोनी स्थित गायत्री शक्ति पीठ से कुशालपुर प्रज्ञा पीठ पहुँचा। जहां सैकड़ों परिजनों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना के बाद कलश को प्रज्ञा पीठ में रखा गया है। कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती उर्मिला नेताम ने बताया कि 23 से 26 दिसम्बर में होने वाले नव चेतना जागरण 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण कथा में ऊर्जा के संचार और शक्ति पाने के लिए यह कलश यज्ञ स्थल में स्थापित होगा। इस यज्ञ में शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे हुए ॠषिपुत्रो के द्वारा सभी संस्कार भी करवाये जाएंगे, जो निःशुल्क रहेगा। जो भी व्यक्ति दीक्षा, नामकरण, पुंसवन, करणक्षेदन, विद्यारम्भ, यज्ञोपवीत, मुंडन आदि संस्कार करवाना चाहते है वो कुशालपुर स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ में अपना पंजीयन पूर्व से ही करवा लें।

### महिलाओं के सशक्तिकरण में छत्तीसगढ़ है आगे-श्रीमती अनिला भेड़िया

# प्रभु श्रीराम वन गमन पथ और चन्द्रखुरी में माता कौशिल्या मंदिर के जरिए राज्य को मिली नई पहचान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। राज्य शासन के महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण विभाग की मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया आज पंडरिया में महिला सम्मान समारोह में शामिल हुई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब से मुख्यमंत्री का बागडोर श्री भूपेश बघेल ने संभाला है तब से राज्य में छत्तीसगढ़ की मूल संस्कृति और सभ्यता का अदभूत संगम देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश अपनी मूल संस्कृति, रीति-रिवाज, परम्परा और धार्मिक मान्यताओं के साथ आगे बढ़ रहा है।**



केबिनेट मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल ने स्वयं रूचि लेकर प्रदेश में प्रभु श्री राम-सीता की वनवास को राम वन गमन पथ के रूप में चिन्हांकित 52 स्थलों को विकसित कराया है, जिसमें प्रदेश के कोरिया जिले से सुकमा जिले में राम वन गमन पथ विकसित किया किया जा रहा है। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रभु श्री राम का ननिहाल है, माता कौशिल्या का जन्म स्थल रायपुर के समीप ग्राम चन्दखुरी है, जहां मुख्यमंत्री की पहल पर ग्राम चन्दखुरी में माता कौशिल्या का मंदिर का निर्माण हुआ है। वहां हम सब के आराध्य देव प्रभु श्रीराम का प्रतिमा स्थापित कराई गई है। उन्होने कहा कि राज्य में माता कौशिल्या की मंदिर निर्माण से पूरे माताओं का सम्मान हुआ है।

संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशिष सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति की पहचान देश दुनिया में बढ़ रही है। उन्होंने केरल यात्रा का स्मरण करते हुए बताया कि जब देश में श्री रामनाथ कोविंद जी राष्ट्रपति थे, जब उनसे भेंट-मुलाकात करने का अवसर मिला। जब उन्हे अपना परिचय छत्तीसगढ़ से दी तो उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़िया सबसे बढिया। तब उस दिन अहसास हुआ कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति सिर्फ राज्य में नहीं अपुति देश-दुनिया में इसकी पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य छत्तीसगढ़िया रंग से रंग गया है और अपनी स्वाभिमान के साथ राज्य आगे बढ़ रहा है। उन्होंने इस अवसर पर राज्य सरकार की अनेक योजनाओं की जानकारी भी दी।

क्षेत्रीय विधायक श्रीमती ममता चन्द्राकर ने संबोधित करते हुए आज के आयोजन में सम्मानित होने वाले सभी महिला, अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य मितानिन और महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन महिलाओं की सम्मान का दिन है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। आज राज्य की बेटिया राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य का गौरान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में बढ़ रही है, इससे राज्य महिला सशक्तिकरण की दिशा में उत्कृष्ट मुकाम हासिल कर रही है।

पंडरिया में आयोजित महिला सम्मान समारोह में जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली दो सौ से अधिक महिलाओं, माताओं और बहनों को सम्मानित किया गया है। सम्मानित होने वाली महिलाओं में जिले की महिला स्वसहायता समूह, स्वास्थ्य, पुलिस, शिक्षा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, स्कूली छात्राएं, स्वाथ्य मितानिन, सहित खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला अधिकारी-कर्मचारी शामिल है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा होरी साहू, बोडला नपा अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू और गंगोत्री योगी ने संबोधित किया। कार्यक्रम में श्रीमती समुंद कुर्रे, श्रीमती लीला धनुक वर्मा, अमिता प्रभाती मरकाम, राजिन गायगवाड़ सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि महिलाएं उपस्थित थे।

### साहू समाज के परिचय सम्मेलन में शामिल हुए गृहमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री

# 24.48 लाख रूपए के विकास कार्यों की दी सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** गृहमंत्री ताम्रधवज साहू के मुख्य आतिथ्य में रायपुर जिले के विकासखंड आरंग के ग्राम रीवा में आज साहू समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि के रूप में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन जिला साहू समाज ग्रामीण द्वारा किया गया। इस अवसर पर गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू और नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ डहरिया ने ग्राम पंचायत रीवा के अंतर्गत 24 लाख 48 हजार रूपए की लागत के 4 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इसमें हाईस्कूल के अतिरिक्त कक्ष लागत 4 लाख 71 हजार रुपए का भूमिपूजन तथा हाई स्कूल में अतिरिक्त कक्ष लागत 6 लाख रूपये, चंद्राकर समाज का सामुदायिक भवन लागत 5 लाख रुपए और व्यवसायिक भवन लागत 8 लाख 77 हजार रूपए का लोकार्पण शामिल है।



गृह मंत्री श्री साहू ने भक्त कर्मा माता को नमन करते हुए कहा कि युवक युवती परिचय सम्मेलन आज के समय की आवश्यकता है। इस प्रकार के सम्मेलन में युवक-युवतियों को एक दूसरे के बारे में जानने समझने का अवसर मिलता है। वे अपने सुखद एवं उज्वल भविष्य के लिए आवश्यक समझदारी से आगे बढते हैं।

नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने समाज के सभी वरिष्ठ और सम्मानीय सदस्यों को आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों से साहू समाज यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। प्रसन्नता का विषय है कि साहू समाज भक्त माता कर्मा के बताये हुए आदर्शों पर आगे बढ़ रहा है। भक्त माता कर्मा का संपूर्ण जीवन सर्व मानव समाज के लिए अनुकरणीय है। वास्तव में युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज के समय की आवश्यकता है, जिसके माध्यम से समाज के प्रतिभावान युवक-युवतियां एक मंच पर अपना परिचय देते हैं एवं भावी जीवन साथी का चयन करते हैं। इसके साथ ही इस बात का विश्वास भी होता है कि यहां मिलने वाली समस्त जानकारियां विश्वसनीय होंगी।

साहू समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश का संगठित समाज है, जो अपने कर्तव्यों का निर्वहन जिम्मेदारी के साथ करते आ रहा है। उन्होंने कहा कि निश्चित रुप से इस प्रकार का आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए। डॉ डहरिया ने राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी को योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। साहू समाज के युवक युवती परिचय सम्मेलन में प्रतिभागियों द्वारा अपना परिचय दिया गया। कार्यक्रम को अध्यक्ष श्री टहल सिंह साहू और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर श्री थानेश्वर साहू, श्री संदीप साहू, श्री हनुमंत प्रसाद साहू एवं श्री आनंद प्रसाद साहू सहित समाज के सम्मानित वरिष्ठ सदस्य, युवक-युवतियां और उनके परिजन शामिल हुए।

# राष्ट्रीय सेवा योजनाः एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड के लिए रास्ता दें वाहन चालक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** शासकीय मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज कोरबा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सडक़ सुरक्षा के लिए समस्त अधिकारियोंए कर्मचारियों, छात्र और एनएसएस के स्वयंसेवकों को सडक़ सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉ तारा शर्मा ने यातायात नियमों का पालन करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने और कार चलाने के दौरान सीट बेल्ट लगाने की सीख दी। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन पर बात नहीं करने और शराब पीकर वाहन चलाने के बारे में भी चालकों को सोचना होगा।

इस मौके पर एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसे आपातकालीन वाहनों के लिए रास्ता छोडने और सडक़ दुर्घटना में पीड़ित लोगों की मदद करने की शपथ भी लोगों को दिलाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर डर डेजी कुजूर ने छात्राओं को यातायात के सामान्य नियमों की जानकारी दी और बताया कि व्यवहार में इन्हें शामिल किया जाना जरूरी है। महाविद्यालय परिवार के द्वारा बताया गया कि विभिन्न अवसरों पर इस प्रकार के कार्यक्रम किए जाते रहे हैं और इसके माध्यम से जन जागरूकता का वातावरण निर्मित करने की कोशिश की जाती है। इससे पहले कोविड, साक्षरता, एचआईवी और जनसंख्या स्थिरीकरण जैसे विषयों को लेकर राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने अपने सरोकार का प्रदर्शन किया है और इसके माध्यम से यह बताने का प्रयास किया है कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में वे अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।

# तेजी से बदल रहा है बीजापुर : मंत्री लखमा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने बीजापुर शहरवासियों को 11 करोड़ 30 लाख रूपए के विकास कार्यों की सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बीजापुर में अब तेजी से बदलाव हो रहा है। लोग मुख्यधारा से जुड़ते जा रहे हैं। अब यहां स्कूल की घंटियां सुनाई पड़ती हैं, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में आदिवासी अंचलों का विकास प्राथमिकता से हो रहा है।**




उद्योग मंत्री श्री लखमा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल के पहल से किसानों को कर्ज के बोझ से मुक्ति मिली है, वनअधिकार पट्टे मिलने से आदिवासियों को खेती-किसानी से जुड़ते जा रहे हैं। भूमि समतलीकरण, डबरी निर्माण किया जा रहा है। किसानों की आमदनी में वृद्धि के लिए उन्हें बागवानी, उद्यानिकी फसलों एवं पशुपालन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसान समृद्ध और खुशहाल हो रहे हैं। पंजीकृत किसानों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। पहली बार शहरी क्षेत्रों में भी वनअधिकार पट्टा दिया जा रहा है। वहीं किसान, गायता पेरमा मांझी को राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना में साल में 7 हजार रूपए दिए जा रहे हैं। क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी ने विकास कार्यों के सौगात देने के लिए उद्योग मंत्री कवासी लखमा के प्रति आभार व्यक्त किया। उद्योग मंत्री लखमा ने 9 करोड़ 62 लाख की लागत से 85 कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें मुख्य रूप से बीजापुर शहर के वार्डों में 4 करोड़ 96 लाख रूपए की लागत से सीसी सड़क, आरसीसी नाली एवं आरसीसी पुलिया निर्माण, एक करोड़ 92 लाख की लागत से नया बस स्टैण्ड बीजापुर में व्यवसायिक परिसर, लगभग दो करोड़ की लगात से विभिन्न वार्डों में सामुदायिक भवन, रंगमंच, सीसी सड़क, आरसीसी नाली एवं आरसीसी पुलिया निर्मा और 64.74 लाख रूपए की लागत से जिला खनिज संस्थान न्यास निधि अर्न्तगत 05 कार्य शामिल है। इसी प्रकार उन्होंने डीएमएफ मद से एक करोड़ 70 लाख की लागत से विभिन्न वार्डो में निर्मित सीसी सड़क, आरसीसी नाली, मुक्तिधाम उन्नयन आदि के 18 कार्यों का लोकार्पण किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, कृषक कल्याण बोर्ड के सदस्य बसंत राव ताटी, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया, राज्य युवा आयोग के सदस्य प्रवीण डोंगरे, खाद्य आयोग के सदस्य श्री इम्तियाज खान सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243























**एक स्टडी से यह बात सामने आई है कि वजन कम करने से डायबीटीज से छुटकारा पाने में भी मदद मिलती है। इंग्लैंड की न्यूकासल यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ शोधकर्ता रॉय टेलर ने बताया, टाइप-2 डायबीटीज के लोग अगर वजन घटाते हैं तो उनको पैनक्रियाज से अतिरिक्त फैट कम करने में मदद मिलती है और शरीर सामान्य रूप से काम करने लगता है।**

*टेलर ने उल्लेख किया, इसलिए अगर आप पूछेंगे कि डायबीटीज से छुटकारा पाने के लिए आपको कितना वजन कम करने की जरूरत है तो इसका जवाब है 1 ग्राम! लेकिन यह एक ग्राम वजन आपको अपने पैंक्रियाज से फैट को कम करने के रूप में होना चाहिए। इसके लिए डाइटिंग या ऑपरेशन की मदद ली जा सकती है।*

# वजन घटाकर डायबीटीज से मिलेगा छुटकारा

ट्रायल के दौरान टाइप-2 डायबीटीज वाले 18 लोगों और उन 9 लोगों का परीक्षण किया गया जिनको डायबीटीज नहीं थी। उनका वजन, पैनक्रियाज में फैट लेवल मापा गया और बैरिएट्रिक सर्जरी से पहले और बाद में इंसुलिन का रिस्पॉन्स देखा गया। टाइप-2 डायबीटीज वाले मरीजों की औसत 6.9 साल तक डायगनोसिस की गई थी। टाइप-2 डायबीटीज वाले लोगों की पैनक्रियाज में फैट की मात्रा बढ़ी हुई थी। स्टडी के लिए जिन लोगों का चयन किया गया था, मोटापे के लिए उनकी गैस्ट्रिक बाइपास सर्जरी की गई और ऑपरेशन से पहले उनका फैट लेवल मापा गया। इसके बाद आठ सप्ताह बाद अन्य चीजों को मापा गया।

ऑपरेशन के बाद टाइप-2 डायबीटीज वाले लोगों ने तुरंत दवा लेना छोड़ दिया। दोनों ग्रुप ने समान मात्रा में वजन घटाया जो उनके शुरुआती वजन का करीब 13 फीसदी था। इसका परिणाम बहुत हैरान कर देने वाला सामने आया। टाइप-2 डायबीटीज वाले लोगों की पैनक्रियाज में फैट का लेवल नॉर्मल पर आ गया। इस स्टडी से यह बात सामने आई की टाइप-2 डायबीटीज के मरीजों में अतिरिक्त फैट सामान्य तौर पर इंसुलिन को बनने से रोकता है और इसको हटाने पर इंसुलिन सामान्य स्तर पर पहुंच जाता है।

# प्रजनन क्षमता पर बुरा असर डालती है ग्रीन टी





ग्रीन टी के शौकीनों के लिए हिदायत है कि वह संभल जाएं क्योंकि एक नए शोध के मुताबिक यह आपकी प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकती है। आमतौर पर ग्रीन टी आम चाय की तुलना में स्वास्थ्य के लिए लाभदायक मानी जाती है लेकिन एक नए शोध से सामने आया है कि इसके लगातार सेवन से प्रजनन क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

कैलिफॉर्निया-इरविन यूनिवर्सिटी के एक दल ने फ्रूट फ्लाइस (फल मक्खियों) पर किए गए परीक्षण में पाया कि ग्रीन टी की अत्यधिक खपत से उनका विकास और प्रजनन क्षमता प्रभावित हुई है। वैज्ञानिकों के अनुसार, ग्रीन टी की बढ़ती लोकप्रियता इसका सेवन करने वालों की संख्या को लगातार बढ़ा रही है जो कि गलत है। ग्रीन टी या फिर अन्य किसी प्राकृतिक उत्पाद का अत्यधिक सेवन सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। फार्मास्युटिकल सायंसेज के प्रफेसर महताब जाफरी कहती हैं, ग्रीन टी के उचित सेवन से स्वास्थ्य पर अनुकूल प्रभाव होता है, वहीं इसका अत्यधिक सेवन शरीर के लिए हानिकारक हो सकता है।

उन्होंने बताया कि कोई ठोस निर्णय देने से पहले अभी हमें इस शोध पर काफी काम करना है लेकिन हमारा सुझाव है कि इसका कम मात्रा में सेवन करना चाहिए। वैज्ञानिकों ने ड्रोसोफिला मेलानोगास्टर फ्रूट फ्लाई पर ग्रीन टी के हानिकारक प्रभावों का परीक्षण किया है। उन्होंने देखा कि जिन मक्खियों के लार्वा और भ्रूण ग्रीन टी पॉलीफिनाल्स (एंटी ऑक्सीडेंट) की विभिन्न खुराकों के अधीन थे। उनकी संतानों में धीमी गति का विकास और अजीब से बदलाव देखे गए। जाफरी का मानना है कि ग्रीन टी की उच्च खुराक की वजह से कोशिकाएं मरने लगती हैं।

उन्होंने बताया, केमेलिया सिनेसिस से उत्पन्न ग्रीन टी पूरी दुनिया में अपने गुणों के लिए मशहूर है। लेकिन जब हमने इसका परीक्षण चूहों और कुत्तों पर किया, तो ग्रीन टी की अधिक मात्रा से उनका वजन कम हो गया और भ्रूण काविकास भी प्रभावित हुआ। हम ग्रीन टी और अन्य प्राकृतिक उत्पादों की उचित मात्रा की जानकारी के लिए मक्खियों पर परीक्षण की तैयारी कर रहे हैं। इसके बाद हम मानवों के लिए इसकी सही और उचित खुराक को बताने में सक्षम हो जाएंगे। यह अध्ययन फंक्शनल फूड्सपत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

# प्रेग्नेंसी के वक्त ध्यान रखें ये पांच मंत्र, टल जाएगी कई मुसीबतें

घर में नया मेहमान आने वाला है, ऐसी बातें सुनते ही घर और आसपास के लोगों के चेहरे पर भी उत्साह से भरी मुस्कराहट बिखर जाती है। निश्चित तौर पर प्रेग्नेंसी का समय किसी भी महिला के जीवन के सबसे सुखद पलों में से एक होता है। लेकिन स्वस्थ प्रेग्नेंसी के लिये सतर्क रहना बेहद जरूरी है।

इसलिये प्रेग्नेंसी के शुरुआती दौर में सतर्क रहना बेहद जरूरी है। जरा सी लापरवाही बहुत बड़े नुकसान की वजह बन सकती है। इसके परिणामस्वरूप प्री-टर्म डिलीवरी की आशंका बढ़ जाती है।

## प्री-मैच्योर डिलीवरी (समयपूर्व प्रसूति) के कुछ प्रमुख कारण:

- ***देरी से गर्भधारण:*** कई प्रकार के तेजी से होते हार्मोन संबंधी शारीरिक परिवर्तनों के कारण यह प्री-मैच्योर डिलीवरी का सबसे आम कारण होता है।
- ***शिफ्ट्स में काम करना:*** बार-बार बदलता शेड्यूल भी प्री-मैच्योर डिलीवरी का कारण होता है क्योंकि इससे जैविक चक्र में परिवर्तन होता है।
- ***एल्कोहल:*** शराब आदि के एल्कोहल युक्त पदार्थों का सेवन करने से यह नाल तक पहुंच जाती है, जिससे समय से पहले प्रसूति का खतरा बढ़ जाता है। यह बच्चे के अंगों को प्रभावित करता है।
- ***जंक फूड:*** आवश्यक पोषक तत्वों की कमी वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करने से प्रेग्नेंसी में जटिलताएं बढ़ जाती है, जिससे प्री-मैच्योर डिलीवरी का खतरा बढ़ जाता है।
- ***तनाव:*** प्रेग्नेंट महिलाओं के ज्यादा तनावग्रस्त रहने से भी प्री-मैच्योर डिलीवरी का खतरा बढ़ जाता है। इससे बच्चों के कम वजन के साथ जन्म लेने की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है।



मौसम तो तय समय पर बदलने लगता है, लेकिन हम इन बदलावों के लिए पूरी तरह तैयार नहीं होते। ऐसे में शरीर और मस्तिष्क इस मौसम के बदलाव से अनछुए नहीं रहते और हम कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से परेशान होते हैं। इनमें से एक है मौसमी अवसाद या सीजनल अफेक्टवि डिसॉर्डर (एसएडी)।
मौसम क्या बदला, रीमा का स्वभाव ही बदल गया और इस परिवर्तन को उसके आसपास के लोगों ने भी महसूस किया। बात-बात पर गुस्सा हो जाना या कभी उदास हो जाना- सब हैरान थे कि रीमा ऐसे व्यवहार क्यों कर रही है। क्या इन दिनों आपके भी स्वभाव में इस तरीके का बदलाव आता है? अगर ऐसा है तो संभव है कि आप सैड यानी सीजनल अफेक्टिव डिसॉर्डर के शिकार हों।

## मौसमी अवसाद

# धूप और रोशनी है बड़ा इलाज

### एक प्रकार का अवसाद

वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. समीर पारिख के अनुसार मौसम का मिजाज किसी भी व्यक्ति को मानसिक रूप से रोगग्रस्त कर सकता है। दरअसल मस्तिष्क के अंदर सेराटोनिन नाम का रसायन पाया जाता है, जो न्यूरोट्रांसमीटर का काम करता है। ये न्यूरोट्रांसमीटर रसायन सूर्य की रोशनी में ही सक्रिय होते हैं, पर इन दिनों रसायन का सक्रिय होना कम हो जाता है, जिस कारण लोगों में निराशा के लक्षण बढ़ जाते हैं।

### क्या हैं लक्षण

सैड वास्तव में एक प्रकार का डिप्रेशन या अवसाद है, जिससे व्यक्ति हर साल एक ही समय-विशेष पर ग्रसित होता है। इस दौरान काम में मन नहीं लगता और निराशा के भाव व्यक्ति के दिमाग में आते हैं। इसमें मूड में बदलाव, ऊर्जा की कमी, नींद में बदलाव, ध्यान लगाने में तकलीफ और दोस्तों तथा परिचितों के साथ कम समय बिताने की इच्छा होती है। मनोविज्ञानी पल्लवी जोशी के अनुसार, इस मौसम में लोग अलगाव, चिड़चिड़ापन, कमजोरी और एकाकीपन जैसी भावनाओं की शिकायत करते हैं। छोटी-छोटी समस्याओं को भी बहुत बड़ा समझने लगते हैं।

### विटामिन डी की कमी

विटामिन डी की कमी से भी सर्दियों में अवसाद होता है। दरअसल विटामिन डी का सबसे अच्छा और प्राकृतिक स्त्रोत सूर्य की किरणें हैं। सर्दियों में धूप कम निकलती है। अगर धूप निकल भी जाए तो कई बार आलस की वजह से लोग रजाइयों में रहना पसंद करते हैं और कई बार समय के अभाव में धूप में नहीं बैठ पाते। ऐसे लोग धूप के संपर्क में आने लगते हैं तो अवसाद से बाहर निकल जाते हैं।

### आप बरतें विशेष सावधानी

कमजोर दिल और दिमाग वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि यह मौसम जानलेवा भी साबित हो सकता है। उनमें अकेलेपन, हताशा, भूख न लगने, बेचैनी, नींद न आने व भाव-शून्यता आदि के लक्षण अधिक देखने को मिलते हैं।

### इलाज है आसान

सम्पूर्ण चिकित्सा और रहन-सहन में बदलाव लाने से 80 प्रतिशत मरीज ठीक हो जाते हैं, किंतु यदि मौसमी अवसाद का समय रहते इलाज न करवाया जाए तो व्यक्ति आजीवन इसका मरीज बना रह सकता है। इसलिए इलाज में लापरवाही बिल्कुल न बरतें।

### गैजेट्स भी करते हैं मदद

गो-गो गैजेट बहुत ही उपयोगी है और यह आपके आत्मविश्वास को बनाए रखने में मदद करता है। आपके दिमागी तनाव को दूर करने में यह गैजेट बहुत मददगार साबित हो सकता है। इस गैजेट को आप सुबह के अलार्म के साथ सेट कर सकते हैं। यानी सुबह का अलार्म बजने के साथ यह गैजेट काम करने लगता है। अलार्म बंद होने के 30 मिनट बाद काम करना शुरू कर देता है। इस गैजेट का इस्तेमाल करने से रात को बहुत अच्छी नींद आती है, जिससे दिमाग का तनाव दूर होता है।

### फुल स्पेक्ट्रम लाइट

यह एक प्रकार का लैम्प है, जो सूर्य की मदद से चलता है। यह शरीर में सेराटोनिन के उत्पादन को बढ़ाता है, जो मूड को बेहतर बनाता है। इससे बहुत अच्छी नींद आती है।

# हरी मटर के 10 बेहतरीन लाभ

ठंड के मौसम में हरी सब्जियों की बहार होती है। इस सब्जियों के बीच हरी मटर चार चांद लगा देती है। इतना ही नहीं मटर की मौजूदगी भोजन के प्रति आपकी रुचि के दुगुना कर देती है। सब्जी को या पुलाव, पराठे हों या पोहा, ठंड के दिनों में बगैर मटर के सब अधूरा ही होता है।अब आप मटर को इतना ही पसंद करते हैं, तो चलिए हम आपको इसके फायदे भी बता देते हैं। स्वाद, सेहत और सौंदर्य का अनोखा मिश्रण है हरी मटर। जानिए हरी मटर के यह 10 बेहतरीन फायदे

- मटर खाने का सबसे बड़ा फायदा है कि यह कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करता है और आपको मोटापे के साथ-साथ अन्य कई बीमारियों से बचाता है। यह ब्लड कोलेस्ट्रॉल को भी कम करता है।
- चूंकि यह शरीर में और रक्त में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करता है, इसलिए इसके सेवन से दिल की बीमारियों का खतरा भी कम होता है। प्रतिदिन हरी मटर का सेवन करना आपके दिल को स्वस्थ रखने में सहायक होता है।
- आकार में भले ही मटर छोटा हो लेकिन यह कैंसर जैसी बीमारियों से भी आपको छुटकारा दिला सकता है। इसे नियमित खाने से कैंसर की बीमारी का खतरा कम होता है। खासतौर से पेट के कैंसर में मटर बहुत लाभकारी है।
- मटर के दाने फाइबर से भरपूर होते हैं, जो आपको उर्जावान बनाए रखते हैं। हरी मटर को नियमित खाने से आप लंबे समय तक जवां नजर आते हैं और बढ़ती उम्र का असर जल्दी दिखाई नहीं देता।
- गर्भवती महिलाओं के लिए हरी मटर काफी फायदेमंद है। यह गर्भवती महिला के साथ-साथ भ्रूण को भी पर्याप्त पोषण देती है। इसके अलावा सामान्य महिलाओं में माहवारी की समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मटर सहायक होती है।
- हरी मटर में प्रोटीन के साथ ही विटामिन-के की मात्रा भरपूर होती है, जो हड्डियों की बीमारियों और खासतौर से ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव करने में सहायक होती है।
- अगर आप चेहरे पर झाइयों से परेशान हैं, तो मटर के पेस्ट को चेहरे पर लगाकर आधे घंटे के बाद धो लें। प्रतिदिन इस प्रयोग को करें। अन्य दिनों में मटर के आटे का प्रयोग भी कर सकते हैं।



- मटर के दानों का दरदरा पेस्ट त्वचा के लिए बेहतरीन स्क्रब है। इससे आपकी त्वचा को पोषण मिलेगा और चेहरा बेदाग होगा। धीरे-धीरे चेहरे की चमक बढ़ जाएगी।
- यदि आपको लगता है कि आप रोजाना की छोटी-छोटी चीजें याद नहीं रख पाते, तो हरी मटर का नियमित सेवन कीजिए। यह आपकी स्मरण शक्ति को बढ़ाने में मदद करेगी।
- शरीर के किसी भी स्थान पर जल जाने की स्थिति में मटर के दानों का महीन लेप लगाने से आराम होता है। यह जले हुए स्थान पर ठंडक प्रदान करने के साथ घाव को बढ़ने नहीं देगा।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है



मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### ऊर्जा एवं जल संरक्षण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का संपन्न

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के सौजन्य से कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा में शुक्रवार को ऊर्जा एवं जल संरक्षण विषय पर एक दिवसीय कृषक जागरूकता के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि श्री कन्हैया अग्रवाल सदस्य, क्रेडा द्वारा कृषकों को उद्बोधन में ऊर्जा एवं जल संरक्षण के संबंध में अक्षय ऊर्जा उपकरणों, 5 स्टार रेटिंग पम्प का अधिक से अधिक उपयोग किए जाने एवं जल संरक्षण किए जाने के लिए प्रेरित किया गया तथा जिले में ऊर्जा दक्ष उपकरणों एवं ऊर्जा संरक्षण के ऊपर विभिन्न कार्य और कराए जाने व विभिन्न ग्रामों में पेयजल हेतु स्थापित पावर पम्पों को भी ऊर्जा दक्ष पम्पों से बदलने के लिए पहल क्रेडा द्वारा ऊर्जा सरंक्षण कार्यक्रम के तहत कराए जाने के लिए कहा गया। रामेश्वर पात्रे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, कवर्धा द्वारा कृषकों को ऊर्जा एवं जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए बचत के लिए किसानो को फसल चक्र परिवर्तन, गर्मी में धान के बदले अन्य फसलें दलहन, तिलहन लेने हेतु एवं टपक विधि, स्प्रीकलर द्वारा सिंचाई करने के लिए कृषकों से आह्वान किया।

### संसदीय सचिव ने देवांगन समाज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया

**जगदलपुर।** विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव (नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग) रेखचंद जैन ने अतिरिक्त निर्माण के लिए और 10 लाख देने की घोषणा की। विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव (नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग) रेखचंद जैन ने आज बस्तर जिला देवांगन समाज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया एवं समाज के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी हर समाज को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं जिन समाजों के पास सामाजिक भवन के लिए भूमि नहीं थी उन्हें भूमि आवंटित की गई है तथा जिनके पास भूमि थी उन्हें सामाजिक भवन के लिए आवश्यक धन उपलब्ध कराया गया है समाज के लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की देवांगन समाज का बस्तर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है।

भाजपा की शंखनाद यात्रा अध्यक्ष बृजेश बृजपुरिया के नेतृत्व में तीसरे दिन भी जारी

# सांसद विजय बघेल, पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश ने भी की शिरकत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई की शंखनाद यात्रा तीसरे दिन भी जारी रही सुपेला भिलाई स्थित गदा चौक से इंदिरा नगर नेहरू भवन रोड पांच रास्ता परदेसी चौक अंबेडकरनगर सहित घनी आबादी वाले क्षेत्रों में जाकर समस्याओं का आकलन किया गया फिलहाल चुनाव नहीं होने के बावजूद भी जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी का संगठन आम आदमी से रूबरू हो रहा है इसकी लोगों ने भरपूर प्रशंसा की है बड़ी संख्या में नागरिकों



ने सामने आकर जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया

को दिन प्रतिदिन की होने वाली रोजमर्रा की समस्या से उन्हें अवगत कराया. संपूर्ण दौरे के दौरान नगर पालिक निगम भिलाई की लापरवाही खुलकर देखने को मिली नालियां पूरी तरह से भरी हुई चारों तरफ कचरे का अंबार लगा हुआ है. वार्ड क्रमांक 13 15 16 17 18 19 का सघन दौरा किया गया. कोका आर्य नगर क्षेत्र में लोगों ने सड़क नहीं होने की बात कही और नालियां पूरी तरह से टूटी हुई पाई गई साफ तौर पर दिखा की आम नागरिक एक नारकीय जीवन जीने के लिए विवश है इस शंखनाद यात्रा के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने लोगों को आश्वस्त किया की भारतीय जनता पार्टी आम नागरिकों की समस्या को लेकर नगर पालिक निगम भिलाई के खिलाफ शीघ्र ही एक बड़ा जन आंदोलन करेंगे जिसमें आम नागरिकों की भी सहभागिता होगी.इस यात्रा के दौरान स्थानीय पार्षद महेश वर्मा,भोजराज सिन्हा, मंडल अध्यक्ष विजय जायसवाल, महामंत्री तुकेन्द्र

सिंह राजपूत. अखिलेश वर्मा, मंत्री रूप राम साहू विश्राम साहू एवं रवि वर्मा,छाया पार्षद उत्तम साहू,धनेश्वर चौहान यात्रा के दौरान स्थानीय पार्षद छाया पार्षद वार्ड स्तर के कार्यकर्ता युवा मोर्चा और महिला मोर्चा सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे. जनता पार्टी भिलाई के जिला अध्यक्ष श्री ब्रजेश बिचपुरिया जी के नेतृत्व में शंखनाद यात्रा तीसरे दिन भी जारी रही कार्यक्रम की शुरुआत अंबेडकर चौक में अंबेडकर जी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर प्रारंभ हुई. वार्ड क्रमांक 14, 15 ,20, 21 ,22, 23,24,25 एवं 26 का दौरा किया.आज के इस यात्रा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे ने भी शिरकत की और आम नागरिकों से मिलने जन जन के द्वार तक पहुंचे यह यात्रा अंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर शांति नगर वैशाली नगर जवाहर नगर एवं अटल आवास के अंदरूनी हिस्सों में भ्रमण की और आम नागरिकों की समस्याओं से रूबरू हुए अटल आवास क्षेत्र में भारी गन्दगी देखने को मिली लोगों ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि आज भी उन्हें पीने का पानी तक साफ नहीं मिल पा रहा है लोग गन्दगी में जीने के लिए मजबूर हैं।

# जिले में अब तक 4000 हितग्राहियों को 10 करोड़ से अधिक की राशि हस्तांतरित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर। योजना अंतर्गत संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण की अध्यक्षता में आयोजित जिले के समस्त जिला समन्वयक एवं सहायक अभियंता की समीक्षा बैठक दिनांक 07/12/22 को आरटीसीआरटी, झांज, नवा रायपुर में आयोजित हुई। जिसमें प्रत्येक जिले की विस्तृत समीक्षा हुई। संचालक महोदय ने बताया कि वर्तमान में वित्तीय वर्ष 2016-20 तक के निर्माणाधीन/पूर्ण आवास के हितग्राहियों को राशि जारी करने के लिए पर्याप्त फंड उपलब्ध है।**




जिस भी हितग्राही ने दिए गए राशि के विरुद्ध कार्य पूरा करा लिए है, उन्हे तत्काल अग्रिम राशि जारी करें। राशि जारी करने में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वित्तीय वर्ष 2020-21 के 1,57,000 स्वीकृति प्राप्त आवास के हितग्राहियों को जल्द ही प्रथम किस्त की राशि जारी की जानी है। जिले इस संबंध में आवश्यक तैयारी रखें साथ ही वित्तीय वर्ष 2021-22 में 80,000 नए आवासों का लक्ष्य जिलों को प्राप्त होगा, इस हेतु सभी जिले प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार हितग्राहियों का चयन कर, उनका पंजीयन कार्य पूर्ण करके रखे।

जिलों को आवास निर्माण के संबंध में दो विकल्प प्राप्त है या तो हितग्राही अविलंब आवास बनाए अथवा प्राप्त राशि की नियमानुसार वसूली की कार्यवाही करें। जिले में योजनातर्गत कलेक्टर सुश्री इफ्फ्त आरा के निर्देशन एवम् जिला सीईओ सुश्री लीना कोसम के मार्गदर्शन में जिले के 3026 निर्माणाधीन आवासों में से निर्माण कार्य पूर्ण करा चुके 1627 हितग्राहियों के खातों में आगे के निर्माण के लिए राशि जारी की जा चुकी है, शेष 1399 हितग्राहियों ने प्राप्त राशि के विरुद्ध कार्य नहीं कराया है जिसके कारण उन्हें राशि प्राप्त नहीं हो पा रहा है। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत का समस्त अमला आवास के इन हितग्राहियों को जल्द आवास बनाने के लिए निरंतर समझाइश, प्रोत्साहित कर रहा है, निर्माण नहीं कराने की दशा में नियमानुसार राजस्व कार्यालय में वसूली हेतु प्रकरण तैयार कर भेजा जा रहा है।

जिले में 415 ऐसे हितग्राही भी है, जिन्होंने तृतीय किस्त तक की राशि प्राप्त कर रखी है परंतु इस राशि का निर्माण नही करा रहे है जिससे इन्हे अंतिम किस्त प्राप्त नहीं हो पा रही है। इसमें भैयाथान जनपद से 91, ओडगी से 112, प्रतापपुर से 6, प्रेमनगर से 40, रामानुजनगर से 51 व सूरजपुर से 115 हितग्राही शामिल है। जिले में लगभग 5000 आवास पूर्ण थे पर इन्हे अंतिम किस्त की राशि प्राप्त नहीं हुई थी। जिसमे से हाल ही में लगभग 2300 हितग्राहियों को अंतिम किस्त की राशि उनके खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है शेष का एफ्टीओ बनाने का कार्य निरंतर जारी है। जल्द ही इनके भी खातों में राशि चली जायेगी। वर्तमान में प्रथम,द्वितीय,तृतीय व चतुर्थ किस्त के रूप में भैयाथान जनपद से 572, ओड़गी से 656, प्रतापपुर से 171, प्रेमनगर से 582, रामानुजनगर से 837 तथा सूरजपुर से 1173 हितग्राही शामिल हैं। आवास में जियो टैगिंग/फोटो खींचने अथवा राशि प्राप्त करने/आवास स्वीकृति के नाम पर कहीं कोई पैसा नहीं लगता है, अगर कोई इस प्रकार की राशि की मांग करता है तो आप तत्काल बेझिझक शिकायत कर सकते है। जिला प्रशासन का केवल एक ही अपील है कि प्राप्त राशि का निर्माण कराए और अगली/अंतिम किस्त की राशि प्राप्त कर, आवास पूर्ण कराएं और स्वयं के पक्के मकान में रहें।

# कांसाबेल में दिव्यांगजनों को विशिष्ट पहचान-पत्र प्रदान करने शिविर लगाया गया



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुरनगर ।** समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले के दिव्यांगजनों को विशिष्ट पहचान-पत्र जारी करने हेतु सभी जनपद पंचायत मुख्यालयों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कांसाबेल विकासखंड में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में हितग्राहियों को कार्ड और सामग्री वितरित किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण अन्य जनप्रतिनिधिगण और ग्रामवासी उपस्थित थे।

समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 111 लोगों का पंजीयन किया गया था और 79 लोगों को कार्ड बांटा गया है। 6 लोगों को बैसाखी बांटा गया है समाज कल्याण विभाग ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिले मे शेष दिव्यांगजनों का ग्राम पंचायतवार शारीरिक जांच एवं यूडीआईडी पोर्टल मे पंजीयन हेतु जिले के समस्त जनपद पंचायत मुख्यालय स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाला यह साप्ताहिक शिविर समस्त ग्राम पंचायतों में निवासरत सभी दिव्यांगजनों के यूडीआईडी हेतु शत प्रतिशत पंजीयन पूर्ण होने तक अनवरत रूप से जारी रहेगा।

# जल के उपयोग से पहले, उसके संरक्षण के बारे सोचना भी जरूरी - विधायक छन्नी चंदू साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। जिला मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत बांधाबाजार में जल जीवन मिशन के तहत शत प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन के क्रियाशील होने पर जल उत्सव (पानी तिहार) मनाया गया। इस कार्यक्रम में शामिल हुईं खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने जल के उपयोग से पहले, उसके संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि, स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के बाद वॉटर हार्वेस्टिंग और पानी के बचत के दूसरे उपायों पर भी ध्यान देना जरुरी है।

राजनांदगांव डिवीजन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और यूनिसेफ (एक्शन फॉर कम्युनिटी एंपावरमेंट) के संयुक्त तत्वाधान में



अंबागढ़ चौकी ब्लॉक के ग्राम बांधाबाजार में आयोजित इस कार्यक्रम में विभाग के एसडीओ महेश कुमार साहू और यूनिसेफ के जिला समन्वयक अनिमेश राय भी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत में छोटे बच्चों ने नृत्य और गायन की प्रस्तुति दी जिसे सराहा गया।

विधायक छन्नी साहू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि, स्वच्छ जल हम सबका अधिकार है और जल संरक्षण करना हम सब का कर्तव्य। सोख्ता गड्ढा बनाना आज समय की मांग है। पीएचई से एसडीओ महेश साहू ने सभी से अपील की कि घरेलू क्रियाशील नल कनेक्शन के माध्यम से ही जल का उपयोग करें। जल कर के लिये भी उन?होंने सभी को जागरूक किया। यूनिसेफ के अनिमेष राय ने कहा कि, जल जीवन मिशन के आने से गांव में विकास का नया अध्याय शुरू होगा व लोगों का जीवन स्तर सुधरेगा।

कार्यक्रम के आखिर में ग्रामीणों ने जल शपथ ली। अतिथियों ने यहां छोटे बच्चों को पुरुस्कृत भी किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बांधाबाजार की सरपंच श्रीमती प्रीति चौहान, वरिष्ठ नागरिक महेंद्र शर्मा, रामकिशन खंडेलवाल, नज़ीर खान, रंजन सिंह बोगा, उदेराम यादव, बसंत मंडावी, हरिराम परतेती, नारद टेम्भुरकर, श्रीमती ममता गायकवाड़, श्रीमती शालिनी सुखदेवे, श्रीमती जमुनाबाई, श्रीमती निम्मी, श्रीमती परमेश्वरी, जसवंत साहू, ग्राम पानी समिति की जल बहीनी ममता मेश्राम मौजूद थीं।

# मानवाधिकार दिवस का किया गया आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा।** नालसा, सालसा तथा जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती नीता यादव के आदेशानुसार 10 दिसम्बर 2022 को मानवाधिकार दिवस के अवसर पर गुरूकुल पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित छात्र-छात्राओं को माननीय श्रीमती हिमांशु जैन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) एफटी.एस.सी. द्वारा मानवाधिकार के संबंध में, पाक्सो के संबंध में एवं अन्य विधिक सेवा संबंधी जानकारी प्रदान की गई तथा व्यवहार न्यायाधीश सुश्री पूजा मण्डावी द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट, एफआई.आर. कैसे करे तथा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत किन किन स्तरों पर तथा किन्हें विधिक सहायता प्रदान की जाती है, इस संबंध में जानकारी दी गई।

कबीरधाम में, पी.एल.व्ही. श्रीमती प्रभा गहरवार द्वारा सखी वन स्टॉफ सेन्टर तथा जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज में, पी.एल.व्ही. श्री चन्द्रकांत यादव द्वारा सरस्वती शिशु मन्दिर कवर्धा में, तरूण सिंह ठाकुर तथा योगेन्द्र गहरवार द्वारा ग्राम चिल्फी में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में स्कूल के छात्र-छात्राओं, वृद्धाश्रम के वरिष्ठ नागरिको तथा जिला जेल के बंदियों तथा अन्य ग्रामीणजन को संविधान द्वारा प्रदत्त शिक्षा का अधिकार, नि:शुल्क विधिक सलाह सहायता भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकार व कर्तव्य माता पिता पैतृक सम्पत्ति में पुत्र या पुत्री समानता का अधिकार, महिलाओं के लिए कानूनी अधिकार, बाल विवाह, बालश्रम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, मोटरयान अधिनियम, मोटर दावा अधिनियम, गुडटच, सायबर क्राईम, किशोर न्याय अधिनियम, बाल संप्रेक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। श्री दुर्गेश पाण्डेय द्वारा मानवाधिकार पर छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में पी.एल.व्ही श्री तरूण सिंह ठाकुर, श्री योगेन्द्र गहरवार एवं श्री हेमन्त चन्द्रवंशी तथा गुरूकुल स्कूल के प्रचार्य श्री जगदीश सांखला, श्रीमती सोनाली पात्रा तथा शिक्षक श्री ज्ञानेन्द्र, विद्या बंजारे एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

**न्यायालय नजूल तहसीलदार कोण्डागांव जिला कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)**

-: ईश्तहार :-

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक केदारनाथ प्रयाग पिता स्व. विशालराम प्रयाग जाति कलार निवासी कोण्डागांव शीतलापारा के द्वारा नगर कोण्डागांव के विकासनगर स्थित भू खण्ड क्रमांक 619/1 अभिन्यास क्रमांक 45 क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट भूमि का 30 वर्षीय पट्टा श्री एन.आर.सिंह पति जी.डी.सिंह को प्राप्त है। जिनकी मृत्यु हो चुकी है। मृत्यु उपरांत उनके कोई वैध वारिस नही होने के कारण भूमि को शासकीय घोषित किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

जिसकी सुनवाई दिनांक 23.12.2022 को न्यायालय नजूल तहसीलदार कोण्डागांव में की जावेगी।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत किसी भी दावा / आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल तहसीलदार**
कोण्डागांव

# नरहरपुर विकासखण्ड में युवा उत्सव सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

कांकेर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा नरहरपुर में विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत के सी. ई. ओ श्री पी. आर. गुप्ता जी थे। विशिष्ट अतिथि सुश्री क्षमा सोनेल ए.बी.ओ. नरहरपुर एवं प्राचार्य आत्मानन्द उ.मा. वि. नरहरपुर श्री दिलेश्वर साव थे। इसके अर्न्तगत विभिन्न स्पर्धाओ का आयोजन किया गया। सामूहिक नृत्य में ग्राम दलदली के राऊत नाचा के प्रथत स्थान प्राप्त किया। लोकनृत्य में ग्राम सुरही ने प्रथम स्थान बनाया। एकांकी नाटक में कु. दिलेश्वरी एवं साथी, हारमोनियम वादन प्रथम अंगद नेताम ग्राम भनसुली, द्वितीय गितेसिंह ग्राम वनसागर, बांसुरी वादन पुष्कर पटेल ग्राम देवडोगर, 40 वर्ष से अधिक कमलेश यादव ग्रम सरोना दबला वादन दिनेश सिन्हा ग्राम सरोना प्रथम स्थान रूप में। वेषभुषा आकाश यादव ग्राम दलदली सरोना प्रथम, महिला वर्ग में कु. रेणुका वादविवाद में प्रथम ग्राम सुरही पुरूष वर्ग में शुभम सिन्हा प्रथम नरहरपुर, तबला वादन प्रथम ताम्राध्व साहू ग्राम भनसुली, लोकगीत प्रथम कु भवानी मरकाम, निबंध प्रथम कु भावना अहिरवार नरहरपुर, कु. खुशी साहु द्वितीय नरहरपुर, क्विज प्रथम प्रभत जघेल, कु. जागेश्वरी साव एवं समस्त छात्र-छात्राओ एनसीसी यूनिट सेजेश नरहरपुर का महत्व योगदान था।






















## खास खबर

### झूला झूलने की बात पर आपस में भिड़े नाबालिग लड़के, चाकूबाजी भी हुई

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में झूले पर बैठने को लेकर हुए विवाद में तीन किशोरों ने गाली -गलौज शुरू कर दी। एक युवक ने जब इसका विरोध जताया तो उन्होंने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने दो किशोरों को अभिरक्षा में लिया है, जबकि तीसरा आरोपी फरार है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

मामले की खुलासा करते हुए सिविल लाइन थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि गौरव यादव पिता बृजेश यादव अपने दोस्तों रघुराज यादव व विशाल यादव के साथ कंपनी गार्डन घूमने गया था। कंपनी गार्डन में तीनों दोस्त झूला झूल रहे थे, इसी दौरान जबड़ापारा निवासी तीन किशोर पहुंचे। झूला झूलने की बात पर उनका रघुराज, गौरव व विशाल से विवाद हो गया। इस दौरान तीनों किशोरों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। रघुराज ने विरोध किया तो तीनों ने मारपीट करते हुए जेब से चाकू निकाल कर रघुराज पर वार कर दिया।

घटना को अंजाम देने के बाद तीनों भाग निकले। घायल को सिम्स में इलाज के लिए दाखिल कराया गया है। इधर गौरव यादव की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस अपराध दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश कर रही थी, इस दौरान दो किशोर रिवर व्यू के पास सिविल लाइन पुलिस को मिल गए। पुलिस ने दोनों को अभिरक्षा में ले लिया। वहीं वारदात में शामिल तीसरा किशोर फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। अभिरक्षा में लिए गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### न्यूड वीडियो भेजकर फंसाया और वसूल लिए पांच लाख

**बिलासपुर।** एक युवक को फेसबुक से एक युवती से दोस्ती करना महंगा पड़ गया। दरअसल, युवती ने पहले उससे दोस्ती की और फिर प्यार में फंसाकर युवक को वीडियो कॉल कर अश्लील क्लिप्स दिखाए। इसके बाद युवक को फंसाने की धमकी देकर पैसे की मांग करने लगी। पांच लाख 25 हजार रुपए गंवाने के बाद युवक को जालसाजी का पता चला। अब पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। मामला रतनपुर थाना क्षेत्र का है। ग्राम भेड़ीमुडा निवासी सैय्यद एजाज अली (28) प्राइवेट जॉब करता है। उसने पुलिस को बताया कि तीन माह पहले फेसबुक में पूजा शर्मा की आईडी से एक लड़की का फ्रेंड रिक्वेस्ट आया, जिसे उसने एक्सेप्ट कर लिया। इसके बाद दोनों मैसेंजर में बातचीत करने लगे। फिर एक दिन लड़की ने उसे फेसबुक के मैसेंजर में वीडियो कॉल कर दिया, जिसे एक्सेप्ट करते ही उसमें अश्लील वीडियो चलने लगा।

# नाबालिग प्रेमिका की हत्या कर थाने पहुंचा बॉयफ्रेंड, कैरेक्टर पर था शक

- जन्मदिन मनाने के बहाने सुनसान जगह पर ले गया था आरोपी
- पत्थर से सिरकुचल कर दी हत्या, रातभर पड़ा रहा शव

श्रीकंचनपथ न्यूज




बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में नाबालिग किशोरी की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। हत्या करने वाला कोई और नहीं बल्कि बॉयफ्रेंड निकला। हत्या के बाद युवक थाने पहुंचा और खुद को सरेंडर कर दिया। युवक ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी प्रेमिका मार दिया है और शव हरदी रोड स्थित राधे इंडस्ट्रीज के पास सुनसान जगह पर पड़ा है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया। इधर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार तोरवा थाने में रविवार सुबह एक युवक पहुंचा और पुलिस को बताया कि उसने अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी है। हत्या के बाद शव को मौके पर छोड़कर आया है। युवक के बताए अनुसार जब मौके पर पुलिस पहुंची तो वहां नाबालिग किशोरी का शव पड़ा था। उसकी सिर कुचलकर हत्या कर दी गई थी। चुंकि हत्या की घटना सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का था इसलिए तोरवा पुलिस ने आरोपी युवक को सिरगिट्टी पुलिस के हवाले कर दिया। सिरगिट्टी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सिरगिट्टी पुलिस ने बताया कि मृतक नाबालिग 9वीं की छात्रा थी। उसका बापू नगर निवासी यश खुसरैल(19) से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बीच युवक को शक होने लगा कि उसकी गर्लफ्रेंड किसी और से बात करती है और इसे लेकर उसके चरित्र पर शंका किया करता था। इसे लेकर दोनों के बीच कई बार विवाद भी हो चुका है।

### रातभर वहीं पड़ा रहा शव

आरोपी ने बताया कि हत्या के बाद वह कुछ देर तक घटना स्थल पर ही रहा और उसके बाद वहां से भाग गया। रातभर लड़की का शव वहीं पर पड़ा रहा। इस बीच लड़की के परिजन उसे तलाशते भी रहे। सुबह आरोपी युवक खेद थाने पहुंचा और खुद को सरेंडर कर दिया। शव बरामद करने के बाद पुलिस ने लड़की के परिजनों को सूचना दी। पीएम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया।

### जन्मदिन मनाने के बहाने ले गया था युवक

आरोपी युवक ने पुलिस को बताया कि शनिवार को उसने किशोरी को जन्मदिन मनाने के बहाने बुलाया था। इस दौरान युवक नाबालिग को लेकर सिलपहरी स्थित हरदी रोड के राधे इंडस्ट्रीज के पास ले गया। आमतौर पर यहां पर लोगों की आवाजाही कम रहती है। यहां पर दोनों में फिर से विवाद होने लगा ओर इस बीच युवक ने लड़की का बला दबा दिया। इससे लड़की बेहोश होकर नीचे गिर गई तो पास से पत्थर उठाया और उसके सिर पर पटक दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

# छात्रा के साथ दरिंदगी, कपड़े से चेहरे को ढक कर किया रेप




श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में 10वीं की छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पड़ोसी युवक ने घर पर अकेलेपन का फायदा उठाया और छात्रा से रेप किया। छात्रा को जान से मारने की धमकी दी। रेप के बाद फरार युवक को छात्रा की शिकायत के बाद रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह पूरा मामला धमतरी जिले के सिहावा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार 15 वर्ष की किशोरी कक्षा 10वीं की छात्रा है। घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। छात्रा घर पर अकेली थी और उसी समय उसके पडोस में रहने वाला राहुल नेताम (18) उसके घर पहुंचा। पहले तो उसने छात्रा से इधर-उधर की बात की और उसके बाद उसने छात्रा से दुष्कर्म किया। इस दौरान छात्रा ने काफी विरोध किया लेकिन उसने उसके मुंह व चेहरे पर कपड़ा बांध दिया और जान से मारने की धमकी देता रहा। दुष्कर्म के बाद वह फरार हो गया।

इसके बाद जब छात्रा के माता-पिता घर लौटे, तो उसने आपबीती बताई। इसके बाद परिजनों ने शनिवार को छात्रा के साथ पहुंचकर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई। घटना सिहावा थाना क्षेत्र का होने से केस को वहो ट्रांसफर कर दिया गया। इस मामले में सिहावा पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ धारा 376 व पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया। रविवार को इस मामले में पुलिस ने आरोपी राहुल नेताम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# लखीमपुर यूपी से दुर्ग पहुंचकर की थी चोरी जेवर बेचने के चक्कर में धराए चोर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शहर में अंतरराज्यीय चोरों का जमावड़ा हो गया है। ऐसे ही एक मामले में दुर्ग पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक चोर उत्तरप्रदेश के लखीमपुर खिरी का है और दूसरा बिलासपुर का रहने वाला है। इनके पास से पुलिस ने लगभग ढ़ाई लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर बरामद किया है। इन चोरों ने यह पूरा सामान ओमनगर दुर्ग निवासी शांति साहू के निवास से चोरी किया था।

दरअसल 3-4 दिसंबर की दरमियानी रात को ओमनगर निवासी शांति साहू के घर पर चोरी हुई थी। जिस रात घटना हुई उस रात शांति साहू अपनी बेटी के घर पदुम नगर गई हुई थी। 4 दिसंबर को उसके पडोसी ने फोन कर घर का ताला टूटे होने की सूचना दी थी। इस सूचना के बाद शांति देवी घर पहुंची तो देखा कि दरवाजा सेंटर लाक टूटा था। चोरों ने आलमारी तोडकर लॉकर से 4 जोडी चांदी का पायल, 3 जोडी बिछिया, 1 जोडी चांदी कडा, 1 नग सोने का लाकेट, 3 नग अंगुठी, 1 जोडी कंगन, 2 नग




चैन, 1 नग फुल्ली व टाईटन का गोल जेंस घडी चोरी हुआ था।

घटना की शिकायत के बाद पुलिस लगातार चोरों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली की ग्रीन चौक पर दो संदिग्ध व्यक्ति घूम रहे है। इसके बाद दोनों को पुलिस ने हिरासत में लिया और तलाशी लेने पर उसके पास से सोने चांदी के जेवरात बरामद किया गया। पकडे गये संदिग्ध व्यक्तियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना नाम सुरेश पटेल उर्फ पटलू (32), साकिन पटेल पारा, बिलासपुर तथा पंकज पाण्डेय (32) साकिन ग्राम नीमचइनी, जिला लखमीपुरखीरी, उत्तर प्रदेश बताया। इनके पास से करीब ढाई लाख रुपए के जेवर बरामद किए गए।

### वंदे भारत एक्सप्रेस से सुरक्षा जवान की कटकर मौत, मामला दर्ज

**बिलासपुर।** बिलासपुर से नागपुर के बीच सबसे तेज चलने वाली वंदे भारत ट्रेन की सुरक्षा के लिए निकले बम स्क्वायड एक जवान की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र से लगे सीमावर्ती क्षेत्र के सालेकसा में पुलिस अफसर और जवानों की टीम सर्चिंग कर रही थी. उसी समय ट्रैक पर ट्रेन आ गई और जवान उसकी चपेट में आ गया। वंदे भारत ट्रेन को लेकर नागपुर में वीवीआईपी मूवमेंट था. इस ट्रेन के शुरू होने से पहले रेलवे अफसर और रेलवे सुरक्षाबल, जीआरपी के साथ लोकल पुलिस भी अलर्ट मोड पर हैं। डोंगरगढ़ स्टेशन आगे महाराष्ट्र के सालेकसा और दरेकसा इलाका नक्सल प्रभावित है. शनिवार को गोंदिया लोकल पुलिस के बम निरोधक दस्ते में कार्यरत आरक्षक विजय नसीने गोंदिया पुलिस के डॉग स्क्वायड और उप निरीक्षक धनराज कुलमेठे के साथ सुरक्षा की चेकिंग पर निकले.

वंदे भारत एक्सप्रेस के शुरू होने से पहले सुरक्षा के मद्देनजर ये जवान डोंगरगढ़ के रेलवे सुरक्षाबल के प्रधान आरक्षक करतार सिंह सहित बोरतलाव और दरेकसा के बीच सेक्शन पर रेलवे ट्रैक पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान दोपहर करीब 12.20 बजे जिस अप लाइन पर चेकिंग चल रही थी. उसी समय अप लाइन पर सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस आ गई, जिसकी चपेट में आने से आरक्षक विजय नसीने ट्रेन की मौके पर ही मौत हो गई।

# नक्सलियों ने बेदरे पुल निर्माण ठेकेदार को जान से मारने का जारी किया पर्चा

**बीजापुर।** नक्सलियों की मद्देड़ एरिया कमेटी ने पर्चा जारी कर पुल निर्माण काम कर रहे ठेकेदार को जान से मारने की धमकी दी है। पर्चे में लिखा है कि बेदरे इंद्रावती पुल समेत आस-पास के इलाके में हो रहे सड़क निर्माण काम को बंद करने के लिए इससे पहले भी हम लोगों ने पर्चा जारी किया था। नक्सलियों ने जारी पर्चे में कहा कि हमने बार-बार समझाया फिर भी नहीं मान रहे हो, अब काम बंद करो वरना सीधे मौत की सजा देंगे। नक्सलियों के इस धमकी भरे पर्चे के बाद मौके पर कार्य कर रहे ठेकेदार, मुंशी काफी डरे हुए हैं। जिले के इंद्रावती नदी पर बन रहे पुल सहित आस-पास हो रहे विकास कार्यों को लेकर नक्सली बौखलाए हुए हैं। इससे पूर्व बेदरे इंद्रावती नदी में बन रहे पुल निर्माण में लगे इंजीनियर का नक्सलियों ने अपहरण किया था, उस समय भी काम बंद करने के लिए कहा था। लेकिन बेदरे इंद्रावती नदी में बन रहे पुल निर्माण का कार्य अब फिर से शुरू कर दिया। इसके बाद नक्सलियों ने पर्चे में कहा कि जिस काम का हम विरोध कर रहे हैं वहां तुम काम कर रहे हो। यदि काम बंद नहीं करोगे तो मौत की सजा मिलेगी। नक्सलियों के



इस हस्तलिखित पर्चे में लिखा है कि ठेकेदार अंकित गुप्ता, अमजद खान पुलिस के आदमी हैं, नक्सलियों की सूचना पुलिस को देते हैं। नक्सलियों ने पर्चे में लिखा है कि, ठेकेदार अंकित गुप्ता काम छोड़कर अपने परिवार के साथ दूर रहे। अपना कोई दूसरा कुछ काम करे, यदि अब हाथ आए तो मौत की सजा देंगे।

भानुप्रतापपुर में पांच तस्कर गिरफ्तार.....

# वन विभाग ने किया जिंदा पेंगुलिन बरामद, 12 लाख में हुआ था सौदा, बेचने से पहले पकड़ाए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भानुप्रतापपुर वनमंडल अंतर्गत लगभग 12 लाख रुपए की कीमत के 12.5 किलोग्राम वजनी एक जीवित पेंगुलिन (सालखपरी) को वाहन सहित जब्त कर संलिप्त 5 आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई मुख्य वन संरक्षक कांकेर राजू अगसिमनी के मार्गदर्शन में वन मंडलाधिकारी पूर्व भानुप्रतापपूर कृष्ण जाधव के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा तत्परता से की गई। तस्करों ने इस पेंगुलिन का 12 लाख रुपए में सौदा तय कर रखा था। इस संबंध में वन एवं जलवायु मंत्री मोहम्मद अकबर विशेष निर्देश भी दिए हैं।

गौरतलब है कि 10 दिसम्बर को मुखबीर के माध्यम से वन विभाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि भानुप्रतापपुर खण्डी नदी के पास पेंगुलिन (सालखपरी) का सौदा होने वाला है, उक्त



सूचना के आधार पर वन कर्मचारियों ने इसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए आरोपियों की घेराबंदी करते हुए समय लगभग 2:45 बजे खण्डीनदी पहुंचे। जहां वाहन क्रमांक ए.पी 39 एच बी 6634 खड़ा था। उक्त वाहन के पास 02 व्यक्ति खडे हुए थे, जिनका नाम देवानंद गोलदार निवासी ग्राम पावारास जिला सुकमा एवं धनवीर जेलबाड़ी सुकमा है। कर्मचारियों द्वारा वाहन का जांच कार्य उक्त व्यक्तियों के समक्ष किया गया।

जांच के दौरान वाहन के पीछे डिक्की में जीवित अवस्था मे एक पेंगुलिन पाया गया। पूछताछ के दौरान उपरोक्त व्यक्तियों ने अन्य लोगो का नाम बताया जो उनके सहयोगी के रूप में वाहन क्रमांक ए पी 39 एच बी 6634 उनके साथ ग्राम कुरुसबोड़ी से भानुप्रतापपुर आये थे तथा यह भी बताया कि बाकी लोगो को लगभग 01 कि.मी. दूर पर छोड़ा गया है। उनके बताये अनुसार वन कर्मचारियों द्वारा तत्काल अन्य व्यक्तियों को घेरकर पकड़ा गया, जिन्होने अपना नाम राजेन्द्र सुकमा, साधुराम कुरूसबोड़ी और दसरी बाई कुरुसबोड़ी बताया तथा उन्होने स्वीकार किया कि वे उपरोक्त वाहन से सभी पांचों मिलकर वन्यप्राणी सालखपरी (पेंगुलिन) जो जीवित अवस्था में है, उसे विक्रय करने के उद्देश्य से लाया गया है तथा उनके द्वारा भानुप्रतापपुर- अंतागढ़ मार्ग पर खण्डीनदी के पास खरीददार का इंतजार कर रहे थे।

# जंगल से लौट रही महिला का तेंदुए ने किया शिकार

### बुरी तरह से नोच आधा शव भी खा चुका था तुंदआ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मनेंद्रगढ़।** छत्तीसगढ़ के नवगठित जिले मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में एक दिलदहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां के एक आदमखोर तेंदुए ने महिला को अपना शिकार बना लिया। घटना रविवार देर शाम की है। मिली जानकारी के अनुसार घटना जिले के कुंवारपुर की है। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार घटना तितौली के बुधौरा जंगल की है। महिला देर शाम जंगल से गांव लौट रही थी, तभी तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी। बाद में गांव वाले और उसके परिवार ने उसकी तलाश की, तो जंगल में महिला का क्षत-विक्षत शव मिला। मृतका की पहचान फुलझरिया के रूप में हुई है, जो ग्राम गधौरा की रहने वाली थी।

वन अफसरों का अनुमान है कि तेंदुआ संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान से यहां आ पहुंचा है। यह क्षेत्र संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान और गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान से लगा हुआ है। महिला के शिकार की घटना सामने आने के बाद वन विभाग की टीम ने क्षेत्र के गांवों में मुनादी कराते हुए लोगों को अलर्ट रहने के लिए कहा है। विभाग ने वन क्षेत्र से लगे गांवों में कर्मचारियों को भेजकर सतर्क रहने सूचना भिजवाई है। वन विभाग ने लोगों से जंगल की ओर जाने से मना किया है। साथ ही गांव में भी अलर्ट रहने को कहा है।







सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:- 9303289950, 9827806026, 8962815243


















## खास - खबर

### 3765 युवाओं ने नर्सिंग असिस्टेंट बनने के लिए दिखाया कौशल



**दुर्ग।** स्टेडियम में चल रही नर्सिंग असिस्टेंट नर्सिंग वेटरनरी भर्ती में 3765 युवाओं ने अपना कौशल दिखाया इस दिन के लिए टोटल 7530 युवाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कर रखा था और 307 युवाओं के द्वारा रन पास किया गया इस ट्रेड के लिए टोटल 23000 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन किया है 12 दिसंबर 2022 को रैली का आखिरी दिन है सेना भर्ती रैली में जिला प्रशासन द्वारा प्रतिभागियों के लिए हर संभव सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं बुनियादी सुविधाओं के अतिरिक्त खाने पीने की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जा रही है। उल्लेखनीय है कि इन युवाओं के रूकने और भोजन की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कराई गई है और सारी व्यवस्थाओं की निरंतर मानिटरिंग कराई जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपसंचालक जनशक्ति नियोजन राजकुमार कुर्रे ने बताया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से युवाओं की सभी जिज्ञासाओं का समाधान किया जा रहा है। नोडल अधिकारी लगातार स्थिति की मानिटरिंग में लगे हुए हैं। जहां भी किसी तरह की दिक्कत होती है समाधान के लिए तुरंत निर्देशित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा नियमित रूप से सेना भर्ती स्थल में पहुंच कर सुविधाओं का जायजा ले रहे हैं और नोडल अधिकारियों से लगातार व्यवस्था की जानकारी ले रहे हैं। मेजर जनरल धर्मराज राय वीएसएम, एडीजी, आरटीजी, आईएचयक्यू ऑफएम ओ डी (आर्मी) और ब्रिगेडियर विग्नेश मोहंती कमांडर सीओएसए एच क्यू ने भर्ती रैली के लिए जिला प्रशासन द्वारा कराए गए अवस्थाओं की भी सराहना की।

### डॉ.आस्था पाटकर को मिला आईसोक फेम व बेस्ट इनोवेटर ऑफ दि ईयर 2022 अवार्ड



**भिलाई।** इनोवेटिका स्कूल ऑफ कॉस्मेटिक्स मुंबई ने पुणे स्थित शांताई हॉटल में सौंदर्य प्रसाधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए छत्तीसगढ़ के दुर्ग की डॉ. आस्था पाटकर को आईसोक फेम 2022 और बेस्ट इनोवेटर ऑफदि ईयर 2022 अवार्ड दिया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. आस्था पाटकर ने क्लीनिकल कॉस्मेटिक प्रोडक्ट पर रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट कर बेहतर परिणाम देने वाले उत्पादन निर्माण तथा अब तक हाईलोरोनिक एसिड, नियासिनामाइड, रेडेंसिल जैसे विख्यात इंग्रेडिएंट्स का अपने उत्पादन में उपयोग करने के साथ-साथ विटामिन-बी3 जेल, चारकोल सोप और स्टेरॉयड फ्री व पैराबेन फ्री कॉस्मेटिक्स उत्पादन पर अधिकतक काम किया है। पूरे भारत की 30 हजार ब्रांड्स में से 85 ब्रांड के बीच हुई लगभग एक महिने की वोटिंग में आस्था को इस पुरस्कार के योग्य माना गया।

# निगम क्षेत्र के अवैध निर्माण का होगा सर्वे कब्जा करने वालों को जारी होगा नोटिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई निगम क्षेत्र में अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए निगम के अधिकारी इसका निरीक्षण करेंगे। सर्वे के बाद अनधिकृत निर्माण को हटाने के लिए नोटिस भी जारी होगा। अवैध निर्माण करने वालों को जोन आयुक्त नोटिस जारी करेंगे। सभी कॉलोनी, कांपलेक्स एवं मार्केट क्षेत्र में बिना अनुज्ञा/अनाधिकृत निर्माण वालो को चिन्हित करते हुए इन्हें भी नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।




निगम आयुक्त रोहित व्यास ने इसके लिए सभी जोन आयुक्त को निर्देश जारी किए है। अनाधिकृत निर्माणकर्ताओं को नियमितीकरण कराने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाएगा, इसके लिए प्रत्येक जोन कार्यालय में हेल्प डेस्क भी बनाया जायेगा जो अनाधिकृत विकास करने वालो नियमितीकरण कराने मार्गदर्शन व सहायता प्रदान करेंगे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश में समस्त निवेश क्षेत्रों में अनाधिकृत विकास को नियमित करने छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण अधिनियम 2022 (संशोधन) लाया गया है ऐसे सभी अनाधिकृत निर्माण जो स्वीकृति के विपरीत या बिना स्वीकृति के दिनांक 14 जुलाई 2022 के पूर्व से बने हुए हैं। ऐसे अनाधिकृत निर्माण को भवन स्वामी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन प्रस्तुत करने पर नियमितीकरण किए जाने का प्रावधान किया गया है भवन स्वामियों द्वारा अधिसूचित दिनांक 14 जुलाई 2022 से 1 वर्ष तक नियमितीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा।

आयुक्त ने कहा कि नियमों को ताक में रखकर निर्माण करने वाले लोगों के लिए नियमितीकरण कराने का यह बेहद अच्छा अवसर है। भवन अनुज्ञा अधिकारी तपन अग्रवाल ने बताया कि अब तक आवासीय व गैर आवासीय मिलाकर कई लोगों ने नियमितीकरण के लिए अपना आवेदन निगम में जमा कर दिया है। अनधिकृत विकास का अब नियमितीकरण का रास्ता साफ हो गया है। यदि किसी ने बिना बिल्डिंग परमिशन लिए निर्माण किया हो, बिल्डिंग परमिशन प्राप्त करके स्वरूप में परिवर्तन किया हो या फिर प्रदाय किए गए भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण कर लिया हो तो इसका नियमितीकरण कराया जा सकता है। इसके लिए भिलाई निगम में आवेदन करना होगा। निगम ने आर्किटेक्ट को इसके लिए प्रशिक्षण भी दिलवाया है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके। गौरतलब है कि महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने इसका अधिक से अधिक लाभ दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं इसी तारतम्य में वास्तुविद को प्रशिक्षित किया गया है।

### यह होगी नियमितीकरण की प्रक्रिया

अनधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए आवेदक को नक्शा आदि बनाकर आवेदन निगम कार्यालय में जमा करना होगा। आवेदन करने के पश्चात जिला नियमितीकरण समिति से अनुमोदन होने उपरांत टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के द्वारा डिमांड जारी किया जाएगा और नियमितीकरण की प्रकिया की जाएगी। अनाधिकृत विकास पार्श्व खुला स्थान, तल क्षेत्र अनुपात, भूमि उपयोग में परिवर्तन, पार्किंग एवं पहुंच मार्ग की चौड़ाई आदि को देखते हुए किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अधिसूचित दिनांक से 1 वर्ष तक आवेदन स्वीकार होगा, अगर अधिसूचित दिनांक की बात करें तो 14 जुलाई 2022 से यह प्रवृत्त है इस दिनांक से 1 वर्ष तक आवेदन कर सकते हैं। नियमितीकरण के लिए आवेदक को आवेदन के प्रारूप एक में चेक लिस्ट के अनुसार समस्त दस्तावेज संलग्न करके आवेदन करना होगा।

## जरूरतमंद लोगों को किया गया स्वेटर व शाल का वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** विश्व ब्राह्मण महासभा जिला दुर्ग व भिलाई की सभी हमारी टीम की महिलाएं जिला अस्पताल एनआरसी विभाग में कुपोषण बच्चों को ठंड को देखते हुए गर्म कपड़े शॉल स्वेटर ब्लैंकेट सभी महिलाएं लेकर आई थी और उन्हें भेंट किए इसी कार्यक्रम की कड़ी में हमारे ग्रुप की सदस्य राकेश सोनम फूल बाज अपनी शादी की सालगिरह उन बच्चों के साथ में मनाई उन्होंने टोपा मौजा स्वेटर बच्चों को पहनाया बच्चे भी बहुत खुश थे और उनकी सभी माताए भी बहुत प्रसन्न हुई उनके देखकर हमें बहुत प्रसन्नता हुई। हम भी यही चाहते हैं जैसे किसी का अपने ग्रुप में जन्मदिन को वर्षगांठ हो ऐसी जगह में जाकर सबके साथ मिलकर अपनी खुशियां बांटे हम सभी को बहुत अच्छा लगेगा और मैं अपनी पूरी टीम को



धन्यवाद देती हूं जो ऐसे कार्यक्रम में शामिल होती है हमारी प्राया सभी महिलाएं शामिल हुई थी भिलाई से संगीता शर्मा रानू शर्मा दुर्ग से क्षमा शर्मा सारिका मिसर चंदा दीदी सरिता शर्मा प्रभा शर्मा रजनी पंडा सपना शर्मा सोनम शर्मा कांता जोशी किरण शर्मा अनमोल शर्मा हमारी ग्रुप की सभी महिलाएं के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल रहा मैं चाहती हूं ऐसे भी कार्यक्रम में आप सहयोग करते रहे मैं आप सबको अपनी पूरी टीम की तरफ से सबको धन्यवाद देती हूं।

## कुम्हारी फ्लाईओवर दुर्घटना में जिम्मेदार ठेका कंपनी के लोगों की होगी शीघ्र गिरफ्तारी

### कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने एन एच के अधिकारियों को दिए सुरक्षा संबंधी निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कुम्हारी फ्लाईओवर दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ठेका एजेंसी के अधिकारियों- कर्मचारियों की गिरफ्तारी 2-3 दिनों के भीतर कर ली जाएगी। कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने इस संबंध में बताया कि फ्लाईओवर निर्माण के दौरान रोड बंद रखने की जिम्मेदारी निर्माण करने वाली ठेका एजेंसी की होती है उन्होंने इसमें लापरवाही की है। इसके लिए उन पर धारा



304 लगाई गई है। दो-तीन दिनों के भीतर हादसे के लिए जिम्मेदार ठेका कंपनी के लोगों की गिरफ्तारी की जाएगी। हादसे के लिए ठेका कंपनी के जो अधिकारी- कर्मचारी जिम्मेदार पाए जाते हैं, उनमें ऊंचे पदों पर बैठे लोगों से लेकर जिम्मेदार निचले अमले तक हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों को चिन्हांकित कर सभी की गिरफ्तारी की जाएगी।

कलेक्टर ने बताया कि निर्माणाधीन फ्लाईओवर में बैरिकेडिंग कर दी गई है तथा सीमेंट की दीवार भी बना दी गई है। इसके अलावा डिवाइडर भी चेक कर लिए गए हैं। सुरक्षा संबंधी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए चारों फ्लाईओवर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं ताकि होने वाली घटनाओं का विश्लेषण किया जा सके, तथा सुरक्षा भी पुख्ता की जा सके।

### स्थापना दिवस पर एसआर हॉस्पिटल के चेयरमेन की बड़ी घोषणा

## हर माह की 25 तारीख को होंगे नि:शुल्क ऑपरेशन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** एसआर अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर चिखली दुर्ग का छठवां स्थापना दिवस अस्पताल परिसर में मनाया गया। इस मौके पर एसआर अस्पताल के चैयरमेन संजय तिवारी ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को विशेष सौगात देते हुए मंच से घोषणा करते हुए कहा कि प्रत्येक माह की 25 तारीख को नार्मल डिलवरी एवं सिजेरियन डिलवरी, मोतियाबिंद ऑपरेशन, नसबंदी ऑपरेशन नि:शुल्क किए जाएंगे। मरीजों को केवल दवाईयों व पैथालॉजी जांच का खर्च उठाना होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक दुर्ग डॉ अभिषेक पल्लव उपस्थित हुए। कार्यक्रम के विशेष अतिथि डॉ जेपी मेश्राम मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग रहे। कार्यक्रम में बतौर अतिथि डॉ अनुपम



लाल ज्वाइन्ट डॉयरेक्टर छ्व्र्ह॥ सेक्टर 9 भिलाई एवं डॉ श्रुतिका ताम्रकार यादव एवं मोहन चंद्राकर उपस्थित हुए। अवसर पर अस्पताल के स्टाफ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। स्थापना दिवस के अवसर पर अस्पताल में नि:शुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था । शिविर में विभिन्न ऑपरेशन नि:शुल्क किया गया। नारी शक्ती को विशेष सौगात देते हुए नार्मल डिलवरी व सिजेरियन डिलवरी व नसबन्दी के आँपरेशन नि:शुल्क किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने अस्पताल के स्थापना दिवस के अवसर पर अस्पताल के टीम के सदस्यो को बधाई दी एवं अस्पताल द्वारा सर्मपण भाव से किए जा रहे मानव सेवा कार्य हेतु समस्त डॉक्टर व स्टाफ को साधुवाद दिया। एसपी डॉक्टर पल्लव ने कहा कि अस्पताल काफी पॉजिटिवली काम कर रहा है। अस्पताल ने कोरोना काल व डेंगू के समय काफी सहयोत्मक काम किया था जिसके कारण जिला संभल पाया। अभी भी समय समय पर अस्पताल द्वारा नि:शुल्क शिविरों के माध्यम से लोगों की सेवा की जा रही है। अस्पताल के स्टाफका सम्मान कर उनका मनोबल बड़ा रहे हैं। हमारी शुभकामनाएं अस्पताल प्रबंधन के साथ हैं और आने वाले समय में भी बड़े आयाम गढ़े। कार्यक्रम के विशेष अतिथि डॉ जेपी मेश्राम ने अस्पताल द्वारा डेंगू एवं कोविड में बेहतरीन सेवाएं देने के लिये भूरी भूरी प्रशंसा की और मरीज के परिजनों का सही काउन्सलिंग किए जाने के लिए भी कहा गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने चिकित्सक गणो का सम्मान मोमेंटो प्रदान कर किया गया।अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ चिकित्सा रत्न सम्मान से डॉ आरके दिवाकर ,डॉ एस. पी. केशरवानी,डॉ विश्वामित्र दयाल, डॉ पवन देशमुख, डॉ विवेक शर्मा,डॉ नीरज भूसाखरे व अन्य डाक्टरों को सम्मानित किया गया। मरीजो को सेवाएं प्रदान करने वाले कपिल उप्पल, जगजीत नारायण पाण्डेय, विजय गावंडे, प्रियेश मिश्रा, गैदलाल वर्मा, उमा साहू, सीमा बरहरे, पदुम महाराणा, कृष्णा मिश्रा, कुमारी यमुना पटेल, दामन लाल, मो जाकिर हुसैन, किशोर साहू, ममता साहू, हेमलता, नेहा, कौशल्या रात्रे, संजय मानिकपुरी, सीमा शर्मा व अन्य स्टाफ का भी सम्मान किया गया।

## राजीव चौबे लगातार चौथी बार बने अध्यक्ष, उनके पूरे पैनल की हुई एकतरफा जीत

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित स्मृति नगर का चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में लगातार चौथी बार नव निर्माण पैनल के सदस्यों की एकतरफा जीत हुई। राजीव चौबे और उनके पैनल से जुड़े लोगों की एकतरफा जीत हुई है।

जानकारी के मुताबिक स्मृतिनगर सोसाइटी छत्तीसगढ़ प्रदेश की सबसे बड़ी सहकारी सोसायटी है। यह सोसायटी 164 एकड़ एरिया से अधिक क्षेत्रफल में बसी है। दुर्ग भिलाई की सबसे पॉश कालोनियों में इसका नाम आता है। इस सोसायटी में 1222 मकान है। इसके साथ ही इतनी ही संख्या में दुकाने और व्यापारिक कार्यालय स्थित हैं। इस सोसायटी में कुल 1222 सदस्य हैं। इन सदस्यों ने लगातार चौथी बार राजीव चौबे और उनके पैनल को जीत दिलाई है। राजीव चौब ने भास्कर से खास बातचीत में कहा कि उन्होंने पहले भी तीन बार अध्यक्ष रहकर सोसायटी के लिए काफी काम किया है। आगे भी वह सोसायटी के विकास और उत्थान के लिए कार्य करेंगे। चुनाव में जैसे ही राजीव चौपे पैनल की जीत हुई वहां उनकी पत्नी ने शंखनाद किया। इसके बाद वहां जमकर आतिशबाजी हुई और बटाखे फोड़े गए। इस दौरान ढोल तासे भी बजाए गए। ढोल की थाप में महिला और पुरुष सदस्यों ने जमकर डांस किया और जश्न मनाया। इस दौरान जमकर मिठाइयां एक दूसरे को खिलाई गईं।

### जीई फाउंडेशन की ओर से दिव्यांग बच्चों के लिए वार्षिक खेल मेला 'उड़ान' का सफलतापूर्वक आयोजन

## विशेष बच्चों ने जम कर लगाई दौड़ और खूब फोड़ी मटकी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सामाजिक संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन की ओर से दिव्यांग बच्चों के लिए रविवार को आयोजित वार्षिक खेल मेला 'उड़ान' में भिलाई स्टील प्लांट, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल और आयकर के साथ जिला व पुलिस प्रशासन के गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दी। भिलाई निवास के सामने स्थित दिव्यांग खेल मैदान में उद्घाटन अवसर पर पहुंचे भिलाई स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने याद किया कि पिछली बार वह इन बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति देखने पहुंचे थे।



दासगुप्ता ने कहा कि उस दिन मंच पर यह सारे बच्चे जितने सहज थे आज खेल के मैदान में भी उतनी ही ऊर्जा के साथ अपनी सहभागिता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों का हौसला बढ़ाने समाज को हमेशा तत्पर रहना चाहिए, जिससे ये समाज में हर क्षेत्र में बढ़-चढ़ कर अपना योगदान दे सकें। इस अवसर पर उपस्थित समस्त अतिथियों ने प्रतीक स्वरूप गुब्बारे उड़ाकर औपचारिक उद्घाटन की घोषणा की। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के डीआईजी थामस चाको ने कहा कि इन बच्चों के प्रति सिंपैथी नहीं एंपथी का भाव रखना है। इन्हें दया करूणा से ज्यादा हौसला अफ्जाई की जरूरत है। द्वितीय सत्र में पहुंचे जिले के पुलिस कप्तान डा अभिषेक पल्लव ने कहा कि यहां मौजूद सभी बच्चों में गहरी प्रतिभा छिपी है। इन्हें हम प्रोत्साहित करते रहें तो ये बच्चे पैरालम्पिक खेलों में भी अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। आयोजन की शुरुआत में अतिथियों ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों से आए इन विशेष बच्चों से मुलाकात की और इसके बाद हरी झंडी दिखा कर दिव्यांग बच्चों की दौड़ शुरू की।अतिथियों ने विभिन्न दिव्यांग स्कूलों के स्टॉल का निरीक्षण किया तथा दिव्यांग बच्चों के साथ कुछ पल बिताए। दिन भर चली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के अलग-अलग सत्र में अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दी और सभी बच्चों को सम्मानित किया। इस दौरान आयोजकों की ओर से सभी स्कूलों के शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

इन अतिथियों में बीएसपी के ईडी पी एंड ए एम एम गद्रे, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कमांडेंट एस के बाजपेयी,एसएसबी के कमांडेंट ठाकुर, मुख्य महाप्रबंधक आरईडी तरूण करनार, मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवा विभाग एस वी नंदनवार,उप आयुक्त आयकर राजेश पाली, महाप्रबंधक एफ एस एन एल पंकज त्यागी, बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एन के बंछोर ,समाज कल्याण विभाग दुर्ग के उपनिदेशक कमलेश पटेल, समग्र शिक्षा अभियान के प्रभारी जे मनोहरन और वरिष्ठ पत्रकार ईवी मुरली सहित अन्य ने खेल मैदान पहुंच कर इन बच्चों की हौसला अफ्जाई की और आयोजन की सराहना की।

इस अवसर पर जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई, जी सुरेश,श्रेयस एस कुमार,सुभागा सुरेश,संजय मिश्रा, स्वाति पंडवार,मृदुला शुक्ला, ज्योति पिल्ले,अनुपमा मेश्राम, स्वाति बारीक, विशाखा, प्रशांत गणवीर, विष्णु आनंद, आदर्श नायर,के विनोद,रावेश गुप्ता,आशित सुरेंद्रन और मनीष टावरी सहित अन्य लोगों की भागीदारी से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन में सेंट थॉमस कॉलेज,बीआईटी, दुर्ग और कल्याणी वारियर्स का विशेष सहयोग रहा। समूचे कार्यक्रम का संचालन पंकज मेश्राम और जावेद खान ने किया।

जीई फाउंडेशन की ओर से दिव्यांग बच्चों के लिए रविवार को आयोजित वार्षिक खेल मेला 'उड़ान' में मुख्य रूप मुस्कान स्कूल भिलाई, आकांक्षा स्कूल रायपुर, ब्राइट स्कूल, स्नेह संपदा, प्रेरणा हुडको, प्रयास स्कूल, सार्थक स्कूल धमतरी और समग्र शिक्षा अभियान दुर्ग के बच्चों ने भाग लिया।

## सांसद सरोज पांडेय ने दिव्यांगजनों को स्वास्थ्य संबंधित सहायता उपकरणों का किया वितरण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय ने सांसद कार्यालय, जलपरिसर, दुर्ग में दिव्यांगजनो और वृद्धजनों को उनके स्वास्थ्य संबंधित सहायता उपकरण का वितरण किया, सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय द्वारा दुर्ग व भिलाई में बुजुर्गों, दिव्यांगजनो के लिए दो दिवसीय स्वास्थ्य परिक्षण व पंजीयन शिविर का आयोजन किया था जिसमें दुर्ग जिले व आसपास क्षेत्र के वृद्धजनों, दिव्यांगजनो ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया था। आवश्यकता के अनुरूप स्वास्थ्य सहायता उपकरण हेतु पंजीकरण करवाया था। जिसके तहत आज सांसद सरोज पाण्डेय द्वारा सभी हितग्राहियों को उनके स्वास्थ्य संबंधित उपकरण प्रदान किया।

हितग्राहियों को सांसद सुश्री सरोज पांडेय द्वारा प्रदान किये गए स्वास्थ्य उपकरणों में मोटोराइज्ड ट्राई साईकल, ट्राई साईकल, दृष्टि बाधित बच्चो के लिए स्मार्ट टेबलेट, हियरिंग हेड, व्हील चेयर, कमोड व्हील चेयर, कमरबंद किट, सुगर के मरीजों के लिए डायबिटिक किट, वॉकर, वॉकिंग स्टिक जैसे स्वास्थ्य सामग्रियों का वितरण हुआ।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950